हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 22 मार्च 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

12 भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



12 सर्व समाज संगठन ने किया विस्तार, सौंपा नियुक्ति पत्र






## रेटिंग व रिव्यू का झांसा देकर 3 लाख की ठगी

### भिलाई-3 थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पोडक्ट रेटिंग और रिव्यू का झांसा देकर खाते से लाखों रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 66 डी, 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि एकता नगर भिलाई 3 निवासी दुर्गेश सिंह के टेलीग्राम आईडी पर अज्ञात द्वारा लिंक भेजकर ज्वाइन कराया गया। उसके बाद पीड़ित को आनलाईन कंपनियों के प्रोडक्ट रेटिंग एंड रिव्यू का झांसा देकर 3 लाख 13 हजार 444 रूपये का ठगी किया गया। टेलीग्राम में अज्ञात ने पीड़ित को वर्क फार्म होम के लिए पहले मैसेज किया। ग्लोबल नामक कंपनी है, जिसमें विभन्नि कंपनियों के प्रोडक्ट को रेटिंग रिव्यू करने की जानकारी दी गई। जिसके बदले पीड़ित को रोज 800 से 1200 रुपए मुनाफा मिलने का झांसा दिया। पीड़ित के ज्वाइन करने पर इसके लिए कोई फीस नहीं लगने की जानकारी भी अज्ञात द्वारा दी गई। पीड़ित प्रोसेस कर रजिस्ट्रेशन करने पर ग्लोबल के साईट पर 10 हजार रुपए का बोनस दिखाई देने लगा। फिर कुछ प्रोडक्ट का रिव्यू भी किया इससे 5 हजार रुपए लाभ साईट पर दिखा। कुल 15 हजार रुपए आहरण करने को लेकर टेलीग्राम में मैसेज आया कि 21 हजार 444 रूपये उसे डिपोजिट करना होगा। तब ही उक्त रकम मिल पाएगा झांसे में आकर टेलीग्राम लिंक दिया। संपर्क करने परखाता नंबर मांगा गया। तब पीड़ित ने विभिन्न बैंक खातों से 3 लाख 13 हजार 444 रुपए ट्रांसफर करने के बाद ठगी का शिकार हो गया। परेशान होकर घटना की शिकायत पुलिस से की ।

### मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 ए, 331 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 13 दुर्ग निवासी किरण अग्रवाल नगर निगम दुर्ग में सहायक का ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ है। मकान में ताला जड़कर अपने काम में निगम आई थी। शाम को पीड़िता अपने काम से घर लौटी तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अज्ञात ने घरेलू सामान पार कर दिया।




### राजस्व का हो रहा नुकसान

## शहर में 40 से ज्यादा अवैध होर्डिंग्स, कार्रवाई नहीं



- भिलाई निगम व बीएसपी के बिना अनुमति लगा दिए हैं होर्डिंग्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र और टाउनशिप एरिया में 40 से भी ज्यादा अवैध होर्डिंग्स लगे हुए है। इन होर्डिंग्स पर न ही भिलाई निगम कार्रवाई कर रही है और न ही बीएसपी। जिसकी वजह से राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्यादातर होर्डिंग्स कार्मिशयल हैं। उसके बावजूद भी निगम व बीएसपी के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### ट्राली, पोल और चौराहों पर होर्डिंग्स

शहर के हर हिस्से में होर्डिंग्स देखा जा सकता है। अब तो लोगों ने मुख्य चौक-चौराहे किनारे ट्राली सिस्टम से होर्डिंग्स खड़ा कर रखे हैं। टाउनशिप और निगम क्षेत्र के पोल तो जैसे प्रचार-प्रसार से पट गए हैं। भिलाई निगम और बीएसपी तभी इन होर्डिंग्स पर कार्रवाई करती है जब कोई चुनाव का समय हो या फिर विशेष प्रयोजन। ये अवैध होर्डिंग्स वहां से गुजरने वालों के लिए जान का खतरा भी बन गए हैं। इन होर्डिंग्स शहर की खूबसूरती को बेकार कर ही रहे हैं साथ ही यातायात को भी प्रभावित करते हैं।

### विज्ञापन एजेंसी वसूल रही है मोटी रकम

शहर में होर्डिंग वार ही चल रही है। किसी का जन्मदिन हो या फिर आगमन, शहर होर्डिंग्स से पाट दिए जाते हैं। अवैध होर्डिंग्स लगाकर अनाधिकृत विज्ञापन एजेंसी अपने विज्ञापनदाताओं से नियमित किराया वसूल रहे हैं। जिससे स्थानीय निकायों को राजस्व का सीधा नुकसान हो रहा है। बीएसपी को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। कार्रवाई नहीं होने से इसमें भी मिलीभगत की आशंका हो रही है। लोगों ने अवैध होर्डिंग हटाने की पुरजोर मांग की है।









## खबर संक्षेप



### पक्षियों को बचाने बांटे गए निःशुल्क सकोरे

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे द्वारा पक्षियों को बचाने निःशुल्क सकोरे वितरण की शुरुवात कि गई। जिसमें प्रथम चरण में पोटिया स्थित प्राथमिक पाठशाला के छात्र छात्राओं को सकोरे वितरित कर पक्षियों के लिए दाना और प्यास बुझाने के लिए पानी सकोरों में रखने का संकल्प दिलाया गया। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि गर्मी में बढ़ते तापमान से निजात दिलाने का सबसे सरल साधन पानी है। यह जितना इंसान को जरूरी है उतना ही पशु-पक्षियों के लिए भी। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था करें, ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। गर्मी की वजह से हर साल पानी नही मिलने के कारण काफी पक्षियों की मौत हो जाती है। इस छोटे से प्रयास से बहुत से पक्षियों का अनमोल जीवन बचाया जा सकता है।

### पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कल



दुर्ग। महामाया बुद्ध विहार कल्याण समिति कर्मचारी नगर दुर्ग का त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राजीव सुखदेवे के नेतृत्व में प्रत्याशियों को नामांकन फार्म प्रदान किया गया था। वापसी के पश्चात अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं दो कार्यकारिणी के सदस्यों के पद हेतु मात्र एक-एक प्रत्याशी शेष रहने पर वोटिंग नहीं हुई। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष के लिए प्रीति थुल, उपाध्यक्ष वर्षा खापर्डे, सचिव वैशाली घरडे, कोषाध्यक्ष स्मिता सुखदेवे, संयुक्त सचिव नीतू बागड़े, कार्यकारिणी सदस्य रिना बोरकर एवं ज्योति वासनिक को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 23 मार्च को होगा।

### शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर कल

दुर्ग। शहीदे आज़म भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन द्वारा 23 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्ग जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में किया जा रहा है। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने इस शिविर को सफल बनाने तैयारी शुरू कर दी है। रक्तदान हेतु इच्छुक लोगों का पंजीयन शुरू किया गया है जिसमे अब तक लगभग 50 लोगों ने पंजीयन करवाया है। रितेश जैन ने कहा रक्तदान अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने का बेहतर माध्यम है नई पीढ़ी को अपने शहीदों के इतिहास का भी पता चलेगा व समाज के प्रति उनको दायित्व का भी आभास होगा।

# मतदाता सूची में जुड़ेंगे मतदाताओं के मोबाइल और आधार नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधानसभा और लोकसभा में मतदाता सूची में व्यापक पैमाने पर गडबडी पाए जाने के बाद सुधार की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला पदाधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची में आधार और मोबाइल नंबर जोडने की जानकारी दी गई, वहीं रिहायसी कालोनियों में भी मतदाता केद्र स्थापित किए जाएंगे।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विगत 4 एवं 5 मार्च 2025 को सीईओएस कांफ्रेंस के निर्देशों से अवगत कराते हुए राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से उनके सुझाव आमंत्रित किये गये। बैठक में अवगत कराया गया कि, डोर-टू-डोर सर्वेक्षण करते समय, सभी बीएलओ यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के सभी नागरिक जो 18 वर्ष से अधिक आयु के है, वे भारत के संविधान के अनुच्छेद 325 और अनुच्छेद 326 के अनुसार अनिवार्य रूप से मतदाता के रूप में नामांकित है। मतदाता सूचियों की गुणवत्ता और शुद्धता में सुधार के लिए बीएलओ के रूप में पर्याप्त उच्च स्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति के लिए सभी प्रयास किये जाएंगे।

## राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से मांगे गये सुझाव

### एक बूथ में अधिकतम 12 सौ मतदाता होंगे

बताया गया कि, सभी बीएलओ को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के लिए उचित रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति या व्यक्ति द्वारा झूठे और बड़े-बड़े दावे करके किसी भी मतदाता या निर्वाचन कर्मचारी को डराया न जा सके। प्रत्येक बूथ पर लगभग 800 से 1200 मतदाता सम्मिलित किये जाएंगे। साथ ही प्रत्येक मतदाता के निवास से मतदान केन्द्र 2 किलोमीटर पर हो, सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को आसान बनाने के लिए उचित एएमएफ.वाले मतदान केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। शहरी क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने के लिए ऊंची इमारतों के साथ-साथ कालोनियों में भी मतदान केन्द्र स्थापित किये जाएंगे।



### पहचान सुनिश्चित करने होगी कवायद

अमूमन मतदाता सूची में फोटो स्पष्ट नही होने से समस्या होती है। ऐसे में मतदाताओं की उचित पहचान करने तथा आवश्यक संचार करने के लिए, आधार और मोबाईल नंबरों को जोड़ने के सभी प्रयास किये जाएंगे। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने भी स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने, नाम जोड़ने, विलोपित करने, मृतक मतदाताओं की पहचान हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने जिम्मेदार कर्मचारियों को बीएलओ नियुक्त करने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। साथ ही उनकी तरफ से बीएलए नियुक्त कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाये।

**तैयारी:** जिला सहकारी बैंक ने जिले के समिति प्रबंधकों को जारी किए निर्देश

# खरीफ और रबि बोनी में किसानों के वास्तविक रकबे की होगी पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ और रबि सीजन में जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक से कर्ज लेने वाले किसानों के रकबे की राजस्व विभाग के साथ अब बैंक भी पडताल करेगी। सोसायटी के समिति प्रबंधक, समिति प्रभारी, शाखा प्रबंधक और पर्यवेक्षक के जरिए किसानों के बोनी रकबे की जानकारी जुटाई जाएगी। वहीं किसानों से सहमति पत्र भी भराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि, इससे पहले खरीफ और रबि सीजन में रकबे का भौतिक सत्यापन पटवारियों के जरिए होता था। लेकिन अब बैंक भी अपने स्तर से किसानों के रकबे की पडताल करेगी, जिसके आधार पर फसल ऋण सामान्य साख सीमा (एनसीएल) तैयार किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी समिति प्रबंधको को निर्देश भी जारी कर दिया गया है। बैंक का मानना है कि, किसान बैंक से कर्ज तो लेते हैं, लेकिन देखा गया है कि उनके वास्तविक रकबे से लोन की स्वीकृति कम होती है। यही कारण है कि, बैंक राजस्व विभाग के आलावा खुद भी किसानों के रकबे की पडताल करेगी। इसके लिए समिति प्रबंधको को निर्देश दिए गए हैं।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन दुर्ग, बालोद व बेमेतरा है शामिल




### नहीं चलेगी अब मनमानी

प्रायः देखा गया हैं कि, ज्यादातर किसान खरीफ सीजन में धान के बजाय अन्य फसल लगाते है। लेकिन भौतिक सत्यापन करने पर कई किसनों के रकबे में दूसरी फसल मिलती है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके है। यही कारण हैं कि, राज्य शासन द्वारा राजस्व के साथ ही बैंक को भी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए है। ताकि वास्तविक रकबे की पडताल हो सके।

### किसानों से ली जाएगी इस तरह की जानकारी

ऋण की सीमा निर्धारित करने के पहले किसानों से अनिवार्यतः बी-1, पी-2 हाल का लिया जाएगा। खरीफ व रबी फसलों का अलग-अलग ऋणमान तैयार करने प्रारूप जारी किया गया हैं, जिसके अनुसार फसल के लिए ऋणमान तैयार किया गया है। उस फसल का नाम व प्रति हेक्टेयर ऋणमान राशि का स्पष्ट उल्लेख प्रत्येक पृष्ठ पर किया जाएगा। साख सीमा पत्रक में ऋण पुस्तिका का उल्लेख व किसान सदस्यों का हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से लिया जाएगा। कालातीत सदस्यों का शामिल नही किया जाएगा। इसमें सोयाबीन टमाटर, गन्ना व साग सब्जी के लिए पृथक से साख सीमा तैयार किया जाएगा। वहीं पंच उक्त फसलों के लिये तैयार किये गये रकबा को घटाकर धान व चना या गेहू का साख सीमा पत्रक तैयार किया जाएगा।

### लापरवाही पर शाखा प्रबंधक होंगे जिम्मेदार

जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि, रकबे की जानकारी लेने में गडबडी मिली तो समिति प्रबंधक व प्रभारी के साथ शाखा प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण भी जिम्मेदार माने जाएंगे। कहा गया हैं कि, ऋण साख सीमा तैयार करते समय अनुसुचित जाति , अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और महिला एवं दिव्यांग जनों की जानकारी पृथक-पृथक रखा जाये।

### प्रक्रिया में हैं

खरीब और रबि फसल के पहले साख सीमा निर्धारित की जाती है। इसी के लिए जानकारी जुटाई जाती है। जिसके आधार पर किसानों को ऋण दिया जाता है।
**-एसके जोशी,** सीईओ, जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक दुर्ग

# बन रहा आधुनिक बैडमिंटन कोर्ट और स्विमिंग पुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रविशंकर स्टेडियम के पास अत्याधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से स्वीकृति होने के बाद शुरू हुए कोर्ट निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। अफसरों ने बताया कि, 70 फीसदी से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। ड्राइंग डिज़ाइन के मुताबिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है।

▪ 70 प्रतिशत कार्य हो गया है पूरा

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यह इंडोर बैडमिंटन कोर्ट शहर में खेल प्रेमियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। कार्य में संलग्न इंजीनियरों को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। आरईएस के इंजिनियर ने बताया कि, 70% कार्य पूर्ण हो गया है। कोर्ट हिस्से की छत ढल गया है, स्लैब व दिवार खड़े करने पूरा हो गया है। शीट लगने वाले स्थान पर लोहे का स्ट्रक्चर भी तैयार हो गया है जल्द ही शीट लगना प्रारंभ हो जायेगा। शेष बचे हुए कार्य तीव्र गति से चल रहा है जल्द ही कार्य पूर्ण हो जायेगा। खेल परिसर में लगने वाले सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता के लगाए जा रहे।

### अत्याधुनिक स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ

आरईएस के एसडीओ सीके सोने ने बताया कि, स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ हो चुका है। विधायक गजेन्द्र यादव के पहल से दुर्ग में जल्द ही अत्याधुनिक स्विमिंग पुल बन रहा है। स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में लगभग 7900 स्क्वायर फिट में पुल बनने के साथ ही चेंजिंग रूम, कैंटीन और फूलों से सुसज्जित गार्डन से अच्छा वातावरण मिलेगा। लंबे समय शहर के तैराक के खिलाड़ी इसकी मांग कर रहे थे।

# गांव की जमीन पर अवैध तरीके से उद्योग लगाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगपुरा ग्राम में पंचायत की जमीन को आयुर्वेदिक औषधि उत्पादन के लिए लीज पर दिया गया था। लेकिन यहां एक व्यक्ति द्वारा अवैध तरीके से न सिर्फ आंवले को पेड का कांट दिया गया है। लेकिन यहां प्लाईएस की फैक्ट्री लगा दी गई है। ग्रामीणें ने इस उद्योग का विरोध किया और कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा हैं।

▪ ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जानकारी अनुसार नगपुरा में स्वास्तिक इंडस्ट्रियल एंड सील्क एंड पैकिंग के नाम से राजेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा उद्योग डाला गया है। इसके विरोध में विगत दिनों पंच आकाश सेन और पूर्व पंच बलराम कौशिक द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उक्त जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की हैं। उन्होंने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि, दिनांक 26 सितंबर 2022 के पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 16 को पूर्व में शून्य किया जा चुका है। उक्त स्थान पर आयुर्वेदिक औषधि उत्पादन हेतु लीज पर भूमि उपयोग करने के लिए दिया गया था। लेकिन वहां अवैध और अनधिकृत तरीके से



कलेक्टर की बिना अनुज्ञा व आदेश के पेवर ब्लॉक और चेकर टाइल्स का निर्माण बाउंड्री वॉल घेर कर किया जा रहा है। पंच आकाश ने बताया कि, उक्त जगह पर आंवला के 30 से 40 पेड़ों को काटा गया है, उक्त प्रकरण तहसील न्यायालय में भी चल रहा था, जहां तहसील न्यायालय के आदेश पर बेदखली की कार्रवाई की गई थी और अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग न्यायालय में प्रकरण भी चला था। जहां अनावेदक का जारी पट्टा निरस्त किया जा चुका है। उसके विरुद्ध में उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष रिट पिटीशन भी दायर हुआ जहां अनावेदक का याचिका खारिज कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि, पटवारी हल्का नंबर 3 खसरा नंबर 1843 रकबा 4 हेक्टेयर सहित आंवला पंचवन की भूमि को अनावेदक के कब्जे से पुलिस बल की मौजूदगी में मुक्त कराने की मांग की है।

# दुर्ग ब्लॉक से आठ हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नवभारत साक्षरता मिशन के अंतर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की महत्वकांक्षी योजना उल्लास महापरीक्षा 2024-25 का आयोजन राज्यभर में 23 मार्च 2025 को आयोजित की जा रही है। इसके लिए सत्र प्रारम्भ से ही जिला साक्षरता मिशन एवं ब्लॉक साक्षरता मिशन के साझा प्रयास से विकासखंड के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल एवं डीएड, बीएड कॉलेज के प्राचार्यों की कई दौर की बैठकें आयोजित की गयी। दुर्ग ब्लॉक में इसकी तैयारी पूर्व से ही कर ली गयी है इस हेतु विकासखंड शिक्षाधिकारी गोविंद साव, ब्लॉक नोडल प्रभारी राजेश्वरी चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग विकासखंड के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 41 एवं शहरी क्षेत्र के 34 संकुल केंद्रों कुल 75 संकुलों के अंतर्गत 189 परीक्षा केंद्रों में कुल 8315 असाक्षरों को महापरीक्षा में सम्मिलित कर साक्षर बनाने हेतु रुपरेखा तैयार कर आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने अपने-अपने स्तर पर विभिन्न प्रकार के नवाचार जैसे- दीवारों पर स्लोगन, नारा लेखन, शिक्षार्थियों का ग़ुलाल लगाकर स्वागत करना, पुष्पगुच्छ देना, घर - घर पीला चाँवल देकर उन्हें आमंत्रित करना तथा जनसहयोग से न्योता भोजन के तर्ज़ पर भोजन अथवा स्वल्पाहार की व्यवस्था करना आदि की योजना तैयार कर ली है।

# महापरीक्षा के लिए तैयार हैं कोलिहापुरी के शिक्षार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चल रहा है। जिलेभर में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में असाक्षरों को वॉलंटियर्स द्वारा पढ़ाया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में 23 मार्च को महापरीक्षा में शामिल होने शिक्षार्थी उत्साहपूर्वक तैयारी कर रहे हैं। इस कड़ी मे उल्लास नवभारत साक्षरता एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने उल्लास केंद्र कोलिहापुरी पहुंचकर अध्यापन कार्य देखा तथा सभी शिक्षार्थियों को परीक्षा देने हेतु उत्साहवर्धन किया। डॉ पाणिग्राही ने सभी शिक्षार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि, आप लोग अच्छे से पढ़कर परीक्षा पास करोगे तो हमारे दुर्ग जिले का नाम भी रोशन होगा।

# भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



दुर्ग। देवादा से लेकर रायपुर तक बनाए जा रहे सिक्सलेन सडक को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन से मुलाकात की हैं। किसानों ने बताया कि, बाड़ग्रस्त क्षेत्र होने की वजह से नदी नाले पर बनाये जाने वाली ब्रिज की लंबाई बड़ाई जाए। थनौद के किसान अनिल देवांगन ने बताया कि, ग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी व अंजोरा शिवनाथ नदी के तट पर बसा हुआ है। जिसके कारण प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से किसानों को नुकसान सहना पड़ता है। जिससे बचने मांग की है कि, 500 मीटर पहले से लेकर पूरी नदी तक बीज के द्वारा रोड का निर्माण किया जाए। किसानों ने बताया कि, गांव में गुजरने वाली रोड पर सभी क्रासिंग अंडरब्रिज की उंचाई 4 मीटर है, जिससे गांव में कृषि यंत्र हारवेस्टर एवं शिल्पग्राम होने की वजह से यहां 20-22 फीट उंचाई की मूर्ती बनता है एवं धान मंडी केन्द्र होने से परिवहन संबधी समस्या से अवगत एवं निराकरण के लिए ब्रीज की उचाई 6 मीटर किये जाने की मांग की गई है। समस्त ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधी द्वारा नितीन गडकरी के. परिवहन मंत्री, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद विजय बघेल , विधायक ललीत चंद्राकर, एस.डी.एम. दुर्ग, परियोजना निदेशक अधिकारी पीआईयू रायपुर, एनएच. 30 झांकी अभनपुर जिला रायपुर छग को दिया जा चुका है।

## सम्मेलन में दुग्ध उत्पादन को लेकर किसानों को करेंगे जागरुक

# डेयरी आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने राष्ट्रीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन की वर्तमान नीतियों एवं पहलों से छत्तीसगढ़ का डेयरी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। इसी कड़ी में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर और भारतीय डेयरी संघ (पश्चिम क्षेत्र) संयुक्त रूप से ₹डेयरीः आजीविका और स्वास्थ्य को बदलने के लिए एक सतत दृष्टिकोण₹ विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 10-11 अप्रैल, 2025 को डॉ. सी. राजेश्वरी ऑडिटोरियम, श्री सत्य साई सौभाग्यम, अटल नगर, नवा रायपुर में किया जा रहा हैं। यह सम्मेलन ज्ञान आदान-प्रदान को बढ़ावा देने, नवाचारों को उजागर करने और शिक्षा जगत, उद्योग, किसानों और नीति निर्माताओं के बीच सहयोग को सुगम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

▪ रोजगार बढ़ाने का किया जा रहा प्रयास

चर्चा के विषयों में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना, चारा और चारे के संसाधनों का अनुकूलन, स्मार्ट डेयरी खेती, उन्नत उत्पादन तकनीकें, एआई और डिजिटलीकरण, विपणन रणनीतियाँ, सुरक्षा और गुणवत्ता मानक, और उद्योग के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए सतत दृष्टिकोण शामिल होंगे। भारतीय डेयरी संघ द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों और डेयरी संयंत्रों में विशेष उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, और छात्रों एवं डेयरी संयंत्र अधिकारियों के लिए एक खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के डेयरी विशेषज्ञों व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनंद के अधिकारीयों की भाग लेने की सम्भावना है।




### विश्व में 24.41 फीसदी की भागीदारी

भारत 1998 से वैश्विक दुग्ध उत्पादन में अग्रणी है और विश्व के कुल दुग्ध उत्पादन का 24.41% योगदान देता है, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 5% है, फिर भी संगठित क्षेत्र द्वारा केवल 25-30% दूध का संसाधन किया जाता है, जो उद्योग के लिए विशाल संभावनाएँ प्रदान करता है। डेयरी क्षेत्र मुख्य रूप से 2-5 पशु पालने वाले लघु किसानों पर आधारित है, जो 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका का प्रमुख स्रोत है और रोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। लगभग 10 लाख करोड़ के मूल्य के साथ, दूध भारत की सबसे महत्वपूर्ण कृषि वस्तु बना हुआ है।

### सम्मेलन का भी होगा आयोजन

उक्त कार्यक्रम के प्रचार पुस्तिका का विमोचन कुलपति डॉ.आर.आर. बी. सिंह, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय शाक्य अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय, डॉ.एम.के. गेंदले, अधिष्ठाता मातस्यिकी महाविद्यालय कवर्धा, डॉ.केशब दास अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक एवं अधिष्ठाता, डॉ. सुधीर उपरित द्वारा बताया गया की इस सम्मलेन में प्रमुख वक्ता के रूप में श्री आर. एस. सोढ़ी, अध्यक्ष इंडियन डेयरी एसोसिएशन, मिनेश शाह, अध्यक्ष राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड होगें। सम्मलेन में किसानो हेतु संगोष्ठी एवं तकनीकी सत्र भी रखा गया है। जिसमे पशु पालन एवं दुग्ध प्रसंस्करण से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के वक्तायकार आएंगो।

# सर्व समाज संगठन ने किया विस्तार, सौंपा नियुक्ति पत्र



दुर्ग। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा पांच बिल्डिंग स्थित सामुदायिक भवन में संगठन का विस्तार करते हुए अनेक पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। उन्हें नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा फूलमाला से किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों में भानु प्रताप यादव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा दुर्ग को दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बनाया गया। साथ ही शेखर साहू को दुर्ग संभाग का अध्यक्ष, विजय कुमार रात्रे को बीएसपी अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, डॉ आरएस साहू को प्रदेश संगठन सचिव एवं तेजराम देशमुख को बालोद जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।बैठक में सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, महासचिव लखनलाल साहू, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्षगण अनुरूप साहू, संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, गैंदलाल वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डीपी देशमुख, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, सलाहकार रमेश साहू सहित अन्य गण मान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष अनुरूप साहू ने किया।

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 22 मार्च 2025



# स्कूल परिसर में निगम का जोन कार्यालय, नहीं मिला बंद कॉलेज का भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई


भिलाई निगम को जोन पांच कार्यालय सेक्टर 6 स्थित सरकारी पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में संचालित हो रहा है। 19 साल से यह कार्यालय यहां संचालित हो रहा है। कार्यालय का कार्यक्षेत्र का विस्तार हो गया है उसके बाद भी स्कूल परिसर को छोड़ा नहीं जा रहा। इससे स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर व्यापक असर पड़ रहा है। इसलिए कि परिसर में पूरे समय लोगों का कार्यालयीन कार्य से आना-जाना लगा रहा है और कई बार वाद-विवाद की स्थिति भी बनी रहती है। हैरत की बात यह है कि भिलाई निगम ने जोन कार्यालय के बाजू बंद लाइलीवुड कॉलेज को कार्यालय के लिए मांगा है लेकिन छह महीने हो गए यह मामला ठंडे बस्ते में है।

## 19 साल से जोन कार्यालय 5 का भवन नहीं

### स्कूली बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

अलग खबर

भिलाई निगम जोन पांच कार्यालय सरकारी स्कूल के परिसर में संचालित है। पूर्व माध्यमिक शाला को अपग्रेड कर स्वामी आत्मानंद स्कूल में बदला गया है। इसलिए विद्यार्थियों की अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करवाई जा रही है। अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन करवाने के लिए शिक्षक अच्छे रिजल्ट के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं लेकिन निगम कार्यालय के शोर-शराबे और गतिविधियों की वजह से अध्यापन पर असर पड़ रहा है। निगम के वाहनों को भी यहां लाया जाता है। जिससे विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटक जाता है। इस वजह से स्थानीय लोगों ने जोन कार्यालय पांच को स्कूल परिसर से हटाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन अब तक कोई नतीजा नहीं सामने आया है।




### 2005 पुनर्गठन के बाद से कार्यालय

वर्ष 2005 में नगर निगम ने जोन का पुनर्गठन किया। जिसमें टाउनशिप के एक हिस्से को जोन क्रमांक 5 बनाया गया। शुरूआत में सर्वशिक्षा अभियान के दो कमरों को अस्थाई रूप से दिया गया था। बाद में एक और कमरे पर निगम कार्यालय ने कब्जा कर लिया। टीन शेड डालकर कार्यालय की हर गतिविधि संचालित होने लगी जो अब तक जारी है। लोग यहां बड़ी संख्या में पेयजल, टैक्स और अन्य शिकायतों को लेकर आते हैं। इस बीच विवाद की स्थिति भी कई बार निर्मित होती रही है।

### कोशिश जारी

प्रशासन के पत्र पर लाइलीवुड कॉलेज भवन को लेने के लिए प्रक्रिया शुरु की थी, लेकिन मामला अभी तक लटका हुआ है।

**-कुलदीप गुप्ता,** जोन-5 अधिकारी

### मुफ्त कर रहा है निगम उपयोग

बीएसपी ने नगर निगम को अलग से जमीन नहीं दी है लेकिन सरकारी स्कूल को पुरानी बिल्डिंग में पानी और बिजली की सुविधा मुफ्त में दी जा रही है। नगरनिगम यहां पिछले 19 साल से इस सुविधा का इस्तेमाल कर रहा है। बीएसपी ने इस पर आपत्ति नहीं जताई। निगम के पैसे खर्च नहीं होने की वजह से भी निगम जोन कार्यालय को दूसरी जगह हटाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। जबकि स्थानीय लोग और स्कूली बच्चों के अभिभावक जोन कार्यालय हो हटाने की कई सालों से मांग कर रहे हैं।

### संयुक्त कलेक्टर का पत्र बेअसर

भिलाई निगम ने तत्कालीन कलेक्टर को पत्र भेजकर लाइलीवुड कॉलेज का भवन मांगा। 13 जुलाई 2024 को तत्कालीन निगम आयुक्त ने कलेक्टर को पत्र लिखा। इस पत्र के बाद लाइलीवुड कॉलेज की जांच की गई और संयुक्त कलेक्टर ने 30 सितंबर 2024 को निगम आयुक्त को लाइलीवुड कॉलेज का उपयोग करने की अग्रिम कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा लेकिन अब तक यह ठंडे बस्ते में है। इस कॉलेज के भूतल में 13 कमरे, तीन टॉयलेट, 1 रिसेपशन उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### गांजा: दो गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करते पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मिखबिर की सूचना पर सिकोला भाठा वार्ड 14 दुर्ग निवासी प्रिंयका ठाकुर, सोनिया चौहान को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 3.553 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है।

### चोर समझ कर युवक की पिटाई, पहुंचा घर

**भिलाई।** चोर समझ कर युवक के साथ पिटाई करने के मामला सामने आया है। युवक को सुरक्षित उसके घर एक रहवासी ने पहुंचा दिया। मिली जानकारी के मुताबिक 5 मार्च की शाम सुपेला गदा चौक में केजीएन होम अप्लायंसेस के पास युवक संदिग्ध हालत में दिखा। इसके आसपास कुछ बच्चे भी थे और वह खुद एक दो पहिया वाहन से लग कर खड़ा था। लोगों ने इस युवक से पूछताछ की। लेकिन तब वह कुछ भी बताने की हालत में नहीं था। उसके हाथ में गोदना से इरफान लिखा हुआ था। हालांकि यह युवक जब कुछ बोलने की हालत में नहीं था तो लोगों ने उसके साथ मारपीट करना शुरु कर दिया। ऐसे में वहां पास से निकल रहे फरीद नगर निवासी मोहम्मद सलाहुद्दीन खलीफा ने मरापीट करने वाले को रोका और उससे बातचीत किया। उसे कुछ युवकों ने सुपेला थाना लेकर गए। लेकिन पुलिस वालों ने उसे विक्षिप्त कह कर छोड़ दिया। खलीफा ने फरीद नगर में युवक को अपने साथ रखा। खलीफा के मुताबिक युवक कुछ बताने की स्थिति में नहीं था लेकिन कुछ दिन बाद युवक सामान्य हुआ और अपना पता बताया। युवक ने बताया कि उसका नाम इरफान शाह पिता शरीफ शाह है और वह रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी है। खलीफा ने उसके परिजनों से संपर्क किया। खलीफा के मुताबिक इमरान कारपेंटर का काम करता है और कमाने-खाने इंदौर गया था। अंधेरे का फायदा उठाकर लोगों ने इस बुरी तरह पीटा और मोबाइल, पैसे लूट लिया। खलीफा ने बताया कि इरफान के घर वालों से संपर्क हुआ तो उनके पिता यहां भिलाई पहुंचे और 18 मार्च को युवक को अपने साथ लेकर गए।

## घोटाला : कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम भेजी

# कोड़िया संग्रहण केंद्र में धान में मिट्टी मिलावट की जांच शुरू, लीपापोती की कोशिश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में डंप करोड़ों रुपए के धान में मिट्टी मिलावट करने के मामले की जांच कलेक्टर ने शुरू करवा दी है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वीडियो फुटेज मंगवाए और उसके बाद जांच के निर्देश दिए। खाद्य विभाग की टीम यहां जांच के लिए पहुंची लेकिन रिपोर्ट पेश नहीं कर पाई है। टीम को शुक्रवार की शाम तक रिपोर्ट देनी थी लेकिन नहीं सम्बिट की गई। इसलिए इस गंभीर मामले की जांच में भी लीपापोती की आशंका ग्रामीण लगा रहे हैं।

## तीन हाईवा मिट्टी डंप कर मजदूरों से मिलवाई जा रही थी


हरिभूमि

चार केंद्रों में 20 लाख टन धान डंप, कोड़िया में नीलामी से पहले मिलाई जा रही थी मिट्टी, ग्रामीणों ने बनाया वीडियो, अब जांच

### संग्रहण केंद्र के सुपरवाइजरों से भी पूछताछ जरूरी

कोड़िया में दो धान संग्रहण केंद्र हैं। इनमें एक-एक सुपरवाईजर नियुक्त किए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संग्रहण केंद्र प्रभारी के साथ दोनों सुरपरवाईजरों की भूमिका की भी जांच होना जरूरी है। इसलिए कि सुपरवाईजरों की निगरानी में धान संग्रहण केंद्रों की गतिविधियां संचालित हो रही है। इस मामले के खुलासे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। वहीं ग्रामीणों ने अन्य जिलों से दुर्ग जिले में हुए धान परिवहन में भी खेल होने की आशंका जताई है। दुर्ग जिले से अन्य चार जिलों से लाए गए धान के परिवहन किस स्थिति में किया गया और इस पर सरकार के कितने पैसे लगे यह भी जांच का विषय है। जानकारों के मुताबिक चारों जिलों में धान संग्रहण केंद्र बनाए गए थे लेकिन वहां स्टॉक ज्यादा होने पर दुर्ग जिले के संग्रहण केंद्रों में धान का परिवहन करवाया गया है। उन जिलों में स्थानीय व्यवस्था बनाई जाए तो हर साल सरकार के करोड़ों रुपए बच जाएंगे।

### वीडियो फुटेज में साफ तौर पर मिट्टी मिलावट की पुष्टि

कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में 7.74 लाख क्विंटल धान संग्रहित किया गया है। धान का संग्रहण दुर्ग, मोहला मानपुर, खैरागढ़ और बेमेतरा जिले से परिवहन कर लाया गया है। इन जिलों से दुर्ग जिले के चार धान संग्रहण केंद्रों में 20 लाख क्विंटल धान रखवाया गया है। कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में सैकड़ों बोरे से धान को बाहर निकाला गया है और उसमें मजदूरों द्वारा मिट्टी डलवाई जा रही है। वीडियो फुटेज में मिट्टी मिलावट साफतौर पर देखा जा सकता है। संग्रहण केंद्र में बोरे में पहले से तौलकर भेजे गए धान को फिर से निकलवाना ही अपने आप में घोटाला करने की नीयत स्पष्ट है। उसके बाद भी इस मामले में लीपापोती करने से जिले के धान खरीदी के सिस्टम से जुड़े अधिकारियों पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं।

### जांच टीम लौटी लेकिन रिपोर्ट पेश नहीं

धान में मिट्टी मिलावट के इस अनूठे घोटाले की जांच करने खाद्य विभाग के दो इंस्पेक्टर भेजे गए थे। जिला खाद्य अधिकारी द्वारा इस टीम को शुक्रवार की शाम रिपोर्ट पेश करने का समय दिया गया था लेकिन जब जिला खाद्य विभाग अधिकारी से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि रिपोर्ट फूड इंस्पेक्टरों ने प्रस्तुत ही नहीं की है। जांच टीम ने किसका बयान लिया और क्या बाकी है इसकी भी जानकारी जिला खाद्य नियंत्रक को नहीं थी। वहीं मार्कफेड के डीएमओ ने जांच के मामले में जिला खाद्य नियंत्रक से जानकारी लेने की बात कही। इस तरह इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का जवाब भी टरकाऊ है।

### रिपोर्ट नहीं मिली

निर्देश पर हमने विभाग के दो फूड इंस्पेक्टरों को जांच के लिए कोड़िया धान संग्रहण केंद्र भेजा। रिपोर्ट शुक्रवार को शाम तक प्रस्तुत करने कहा था लेकिन उन्होने नहीं किया है। टीम ने जांच बाकी होने की जानकारी दी है। मेरे पास और कोई जानकारी नहीं है।

**सीएस अतरी,** प्रभारी जिला खाद्य नियंत्रक दुर्ग

### नोटिस का इंतजार

कोड़िया संग्रहण केंद्र प्रभारी को नोटिस भेजा गया है। नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की जांच खाद्य विभाग को दी गई है।

**-भौमिक बघेल,** डीएमओ मार्कफेड दुर्ग



### जांच करवा रहे

कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में धान में मिट्टी मिलावट की जांच हमने शुरू करवा दी है। संबंधित विभाग को जांच के निर्देश दे दिए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे निर्णय लेंगे।

**-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर दुर्ग

# हाइवा की ठोकर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

तेज रफ्तार हाइवा ने एक्टिवा सवार को कूचलने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को मरचूरी भेज दिया। हाइवा चालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि धमधा नाका ओव्हरब्रिज में ग्रीन चौक के पास हाईवा सीजी 07 एजेड 4282 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सीजी 07 बीसी 1417 के चालक को कूचल दिया। हादसे में गंजपारा दुर्ग निवासी संस्कार उर्फ कान्हा शर्मा 28 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया है। चालक की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मृतक अपने दोस्त को छोड़कर धमधानाका ओव्हरब्रिज से होते हुए ग्रीन चौक की ओर आ रहा था। तभी हाइवा ग्रीन चौक से धमधा नाका की ओर जा रही थी। इस दौरान धमधा नाका ओव्हरब्रिज पर ग्रीन चौक से करीब 100 मीटर पहले तेज रफ्तार हाइवा चालक ने एक्टिवा सवार युवक को चपेट में लिया।




- मोहन नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना
- घटना ग्रीन चौक के पास की
- हाइवा जब्त चालक है फरार

# विद्युतीकरण, पार्किंग और ऑडिटोरियम निर्माण को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता व निगम आयुक्त राजीव पांडेय की मौजूदगी में हुई। बैठक में

- एमआईसी की बैठक

विभिन्न एजेण्डा को विस्तृत चर्चा हेतु विचारार्थ रखा गया था। लोगों के हितों को देखते हुए परिषद द्वारा निम्नलिखत कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के सुपेला अंडरब्रिज तक रेल्वे लाईन के समानांतर निर्माण, बॉक्स




कल्वर्ट एवं विद्युतिकरण कार्य, भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन से नेहरू नगर अंडरब्रिज तक रेल्वे लाईन के समानांतर एवं शहरी गौठान के पश्चिम में मार्ग निर्माण एवं विद्युतिकरण कार्य, नेहरू नगर अंतर्गत 66 एवं 77 एमएलडी डब्लूटीपी के वेस्ट वाटर से तालाब भरने हेतु खम्हरिया माईनर नहर का आरसीसी कव्हर सहित लाईनिंग कार्य, कोसानगर रेल्वे स्टेशन शहरी गौठान के पश्चिम में नाला चैनलाईजेशन कार्य, वार्ड 60 सेक्टर 5 सड़क 32 से सड़क 37 एवं एसपीए की नाली निर्माण कार्य, जोन 3 अंतर्गत वार्ड 56 भिलाई स्कूल ग्राउण्ड मैदान में ओपनजिम एवं 15 बी के समीप बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 56 में सड़क 15 एवं 15 ए के मध्य में निर्माण कार्य। पूर्व में महापौर परिषद के अनुमति के प्रत्याशा में प्रस्तावित खेल परिसर पर बिन्दुवार चर्चा हुई। उक्त स्थल का ड्राइंग, डिजाईन एवं खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उपअभियंता बसंत साहू द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। खिलाड़ियों को किस प्रकार की सुविधा मिलेगी, इसको संचालित कौन करेगा। निर्माण की समय अवधि क्या रहेगा आदि बिन्दुओ पर चर्चा उपरांत सदस्यगण अपनी सुझाव एवं सहमति प्रदान किए।

### खेल परिसर में होंगे ये निर्माण कार्य

खेल परिसर में प्रमुख खेल जो प्रस्तावित है जैसे- हार्स राइडिंग ट्रैक निर्माण कार्य, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एवं प्राकृतिक फुटबाल मैदान निर्माण कार्य, स्वीमिंग पुल, स्केटिंग, रनिंग ट्रैक, 1500 लोगों के बैठने लायक आडिटोरियम, पार्किंग, चेजिंग रूम, स्पोर्टस दुकान आदि बनाये जायेगें। इसमें अनुभवि खिलाड़ियों का भी मार्ग दर्शन लिया जायेगा। जिससे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रतिसप्रधा आयोजित हो सके। प्रस्ताव सभी लोगों को बहुत पंसद आया, इसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि खेल परिसर के निर्माण में अनुभवी एजेंसी को नियुक्त किया जाए। जो इसके पूर्व इस प्रकार के खेल परिसरो का निर्माण किया हो। इसमें यह भी अनुबंध होगा कि 5 वर्ष के लिए रखरखाव एजेंसी का होगा। उसकी 5 प्रतिशत धरोहर राशि भी निगम में जमा रहेगा। समय अवधि में कार्य को पूर्ण कराया जावेगा। महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मालती ठाकुर, निगम के सचिव-उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ड्रेगन ट्रेन का चेचिस चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** ड्रेगन ट्रेन का चेचिस चोरी मामले में पुलिस ने दो के खिलाफ अपराध कायम किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 303(2),317(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताा कि गिरधर कुमार चौहान ने शिकायत किया कि रात में टंकी मरोदा निगम कार्यालय के सामने से 5 नग ड्रैगन ट्रेन का चेचिस चोरी हो गया। जिसकी कीमत 15 हजार रुपए आंकी गई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संजय कबाडी दुकान पहुंचकर पुछताछ करने पर चोरी गई संपत्ति को ललित कबाडी गोकुल नगर के पास बेचना स्वीकार किया। मौके पर पहुंचकर पुलिस तलाशी लिया ललित कबाडी के गोदाम से 3 नग ड्रैगन ट्रेन का चेचिस जब्त किया।

## भिलाई-दुर्ग के 1500 युवक हैं सट्टेबाजी में सक्रिय

# आईपीएल के साथ ही महादेव सट्टे के पैनालिस्ट भी हुए सक्रिय

जेएम तांडी ▶▶|भिलाई

आईपीएल क्रिकेट मैच शनिवार से शुरु होगा, क्रिकेट प्रेमी इस खेल का जमकर मजा ले रहे हैं तो वहीं सटोरिये भी इस सीजन में काले कारोबार को चमकाने में जुट गए है। आईपीएल पर सट्टा खेलने वाले पूरी ट्रेनिंग के साथ काम कर रहे हैं। आईपीएल सट्टा में अब हमेशा की तरह इस बार भी महादेव कै पैनालिस्ट भी अपना कारोबार चलाने बकायदा दुबई के ट्रेनिंग सेंटर के गैंग लीडर से ट्रेनिंग लेकर एक-एक कर शहर में पहुंचे है। इसमें सबसे अधिक युवक युवतियां शामिल है। अपनी-अपनी टीम तैयार कर महादेव पैनालिस्ट आईपीएल क्रिकेट मैच के लिए यहां से गोरखपुर के लिए रवाना हो चुके है। आईपीएल में सट्टे के लिए महादेव एप का इस्तेमाल हो रहा है। इसका खुलासा पहले भी कर चुकी है। आईपीएल मैच में पूरी तरह से महादैव के पैनालिस्ट रोज के लाखों रुपए कमाने के लिए सारी तैयार के साथ दुर्ग जिले से अलग-अलग राज्यों में निकल चुके है। महादेव एप का कनेक्शन दुबई से है यह भी स्पष्ट हो चुका है। दुर्ग पुलिस ने इसे लेकर ताबड़तोड़ कार्रवाई भी बीते समय कर चुकी है। एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, रवि उत्पल लीडर है। इनके खिलाफ भी जिले के विभिन्न थानों में अपराध कायम होने के बाद भी महादेव सट्टे का कारोबार कुछ समय बंद रहा लेकिन अब फिर से जमकर चल रहा है। सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दुबई में छिपे बैठे हैं. यह वहीं से इस काले कारोबार को चला रहे हैं।

## 150 पैनालिस्ट है शामिल, बड़ी तैयारी के साथ टीम गोरखपुर रवाना

### महादेव पैनालिस्ट की 15 टीम गायब

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

खबरों के मुताबिक आईपीएल मैच के शुरु होने से पहले ही शहर के महादेव सटोरिया अपनी टीम लेकर गोरखपुर, इंदौर, झारखंड, लखनऊ के लिए 15 टीमे अपनी तैयारी के साथ रवाना हो चुकी है। गोरखपुर से नेपाल का बार्डर सामने होता है सटोरिया पुलिस गिरफ्त से आने से पहले ही नेपाल कूच करने का प्लान है। महादेव पैनालिस्ट प्रदेश समेत विदेशों में भी आईपीएल सट्टा चलाने के लिए निकल चुके है। इसमें वैशाली नगर, आकाश गंगा, हाउसिंहबोर्ड, शांति नगर के ऑनलाइन महादेव सट्टा के पैनालिस्ट शामिल है। उक्त क्षेत्र में आईपीएल सट्टा चलाने वाले युवकों की भरमार है। पुलिस कई बार यहां के युवकों पर भी कार्रवाई कर चुकी है। मगर आईपीएल शुरु होने से पहले ही महादेव के पैनालिस्ट सक्रिय हो गए है।




### सब पर है नजर



क्रिकेट सीजन में सटोरियों की सक्रियता पर पूरी नजर है। पुलिस किसी भी हाल में इस कारोबार को पनपने नहीं देगी। सभी थाना प्रभारियों को सट्टा के कारोबार पर नियंत्रण रखने का निर्देश भी दिया गया है।

**जितेन्द्र शुक्ला,** एसपी दुर्ग

### 1500 को मिली है महादेव में नौकरी

बताया गया है कि आईपीएल मैच से पहले ही महादेव सट्टा चलाने वाले पैनालिस्टों के लिए भिलाई-दुर्ग के 1500 युवकों को नौकरी पर रखा गया है। जो फिलहाल बाहर है। परिजनों तक को जानकारी इसकी नहीं हो पाती है बल्कि उन्हें युवक शेयर मार्केट का काम का झांसा देकर महादेव सट्टा चला रहे है। उनके पकड़े जाने के बाद ही खुलासा हो पाता है। इनके एवज में युवकों को 20-30 हजार, खाना पीना, रहना इंटरटेन तक की पूरी व्यवस्था दिया जा रहा है। खबरों के मुताबिक जतिन, टिल्लू, संतोष चौहान, सुमीत पिल्ले महादेव सट्टे के बडे कारोबार में शामिल है। यहां से लंबे समय से गायब है।

# बीएसपी से लोहा पार, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बीएसपी के गेट से लोहा पार करते पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 26, 303(2), 319 (2), 336 (2)336(3), 340(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मकान नम्बर 36, अटल आवास, अर्जुन नगर, कैम्प 1 निवासी आकाश कुहीकर ने कूटरचित गेट पास के सहारे बीएसपी में प्रवेश कर आरएमपी 3 एरिया से 530 किलो लोहा हैमर को कार में छिपाकर ले जाते सीआईएसएफ ने पकड़कर भठ्ठी पुलिस के हवाले किया। आरोपी के कब्जे से 29 नग लोहा हैमर के टुकड़ा और कार सीजी 07 एम 4863 और बीएसपी के कूटरचित गेट पास को बरामद किया है। भिलाई भट्टी पुलिस और सीआईएसफ यूनिट बीएसपी भिलाई की संयुक्त टीम ने बोरिया आउट गेट से बाहर कार को पकड़ा गया। चेक करने पर कार की पिछली सीट के नीचे गुप्त केवीटी बना हुआ है। जिसमें स्क्रैप हैमर लोहा भरा हुआ मिला। चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम आकाश कुहीकर बताया है। सत्यापन के लिए बीएसपी गेट पास को चेक करने पर उक्त गेट पास में आरोपी का फोटो लगा हुआ और अन्य के नाम से गेट पास बना हुआ पाया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि अपने अन्य साथी नंदू वर्मा के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाकर बीएसपी का फर्जी गेटपास तैयार करना स्वीकार किया।



हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129

15

मारवाड़ी, पंजाबी, छत्तीसगढ़ी...

लाइव इवेंट

## स्टूडेंट्स में ज्ञान, परियोजना कौशल विकसित करने कॉलेज ने किया अनुबंध



**भिलाई।** डॉ. मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल ने छात्रों में ज्ञान, परियोजनाऔर कौशल विकास कार्यक्रमों की उन्नति, कम्पनियों, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं और औद्योगिक स्थलों का दौरा करने शिक्षण और प्रशिक्षण पद्धति में मूल्यांकन इनपुट जोड़ने के लिए सहयोग को बढ़ावा देना के उद्देश्य से तीन समझौता किया है। ताकि छात्र औद्योगिक प्लेसमेंट के लिए सक्षम हो सकें। इसके लिए सिद्धाचलम प्रयोगशाला रिंग रोड नंबर 2 बिरगांव को कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आरएस सिंह और प्रयोगशाला की प्रमुख अन्वेषक डॉ. भावना जैन की उपस्थिति में पहला समझौता किया गया। दूसरा समझौता एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर रसमड़ा से एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर अभिनव दास की उपस्थिति में अनुबंध किया गया। समझौते का उद्देश्य कौशल विकास, अकादमिक आदान-प्रदान, अनुसंधान और परामर्श को बढ़ाना रहा। तीसरा समझौता जन सेवक समिति (एनजीओ) सेक्टर-4 में अध्यक्ष दिनेश सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस समझौते का उद्देश्य मशरूम की खेती, मशरूम स्पॉन उत्पादन पर उद्यमशीलता प्रशिक्षण, उच्च पोषण और औषधीय गुणों के साथ मशरूम उत्पादन के लिए परियोजना विकसित करने, अध्ययन दौरे, सेमिनारों के आयोजन, सम्मेलनों और मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण लेने के लिए सभी संकायों के छात्रों और आस पास के लोगों को प्रोत्साहित करना है।

सिटी इवेंट

## दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ की कार्यशाला 23 को, डिप्टी सीएम शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के मार्गदर्शन में दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा 23 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे चौहान इम्पीरियर, सी ब्लॉक स्मृति नगर भिलाई में नारकोटिक्स एक्ट, ड्रग एक्ट एवं साइबर क्राइम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में उप मुख्यमत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। विशेष अतिथि के रुप में सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव,रिकेश सेन, महापौर अलका बाघमार, औषधि नियंत्रक छत्तीसगढ़ चंदन कुमार,एएनटीएफ रायपुर आईजी अजय यादव,दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग, राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक झा, दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सीसीडीए अध्यक्ष उमेश सिरोठिया,महासचिव अविनाश अग्रवाल, भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन,दुर्ग भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक मौजूद रहेंगे। एसोसिएशन के महासचिव अविनाश अग्रवाल और दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव दीपक बंसल ने बताया कि वर्तमान स्थिति में नारकोटिक्स एक्ट, ड्रग एक्ट एवं साईबर क्राईम महत्वपूर्ण विषय है। इन विषयों की जानकारी व ज्ञान आवश्यक है।

सिटी इवेंट

## गुरु घासीदास सेवा समिति के पदाधिकारियों का चुनाव 30 को, भरे जा रहे नामांकन



**भिलाई।** गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6 के पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 30 मार्च को होगा। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्तमान में अध्यक्ष पद के लिए द्वारिका चंद्रवंशी, महासचिव के लिए संजय आनंद, कोषाध्यक्ष के लिए रामाधार सायतोड़े, उपाध्यक्ष के लिए तनुजा बघेल एवं सहसचिव के लिए रामकुमार मारकंडे, शीतल कोठारी ने अपना-अपना नामांकन जमा किया। इस अवसर पर हेमंत बंजारे, रीति देशलहरे, प्रदयुमन सूर्यवंशी, कैलाश चतुर्वेदी, गोविंद कोसले, विष्णु बारले, दिलेश्वर पाटिल, अजय जोशी, राजा बंजारे, करण बंजारे, राजेश टंडन, भोला जोशी, नवलेश्वर पाटिल, गौकरण मंडले, सतरूपा चंद्रवंशी, कृष्ण पात्रे, उषा टंडन सहित अन्य मौजूद थे।

## गोस्वामी समाज का दो दिवसीय सम्मेलन आज से

**भिलाई।** छग दशनाम गोस्वामी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन(महासभा सम्मेलन)का आयोजन गनियारी भिलाई 3 स्थित सरकारी स्कूल में 22 एवं 23 मार्च शनिवार -रविवार को किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाजसेवियों का सम्मान, विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन भी होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर निर्मल कोसरे महापौर, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छग दश. गोस्वामी समाज गणेश भारती करेंगे। अतिविशष्टि अतिथि पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र कोसरे, संरक्षक हीरा गिरी गोस्वामी, विशष्टि अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष इन्द्रजीत भारती, समाज की कोषाध्यक्ष नंदिनी गोस्वामी, गोस्वामी प्रदेश सचिव खेमराज पुरी ,संतोष गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र भारती गोस्वामी, अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति गनियारी राजकुमार साहू मौजूद रहेंगे। समापन समारोह 23 मार्च रविवार को होगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सवाड़ा और अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छग दशनाम गोस्वामी समाज गणेश भारती करेंगे। विशष्टि अतिथि भाजपा महामंत्री प्रेमलाल साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू,संरक्षक गजानंद गिरी आदि मौजूद रहेगें।

झंडा फेरी ने किया नगर भ्रमण, जगह-जगह भव्य स्वागत, लोगों ने बरसाए फूल

# जय बाबेरी के नारे से गूंजा शहर, बालकनाथ के भंडारे का भक्तों को न्योता, आज अभिषेक, कल महायज्ञ के बाद रक्तदान शिविर

बालकनाथ के महायज्ञ व भंडारे का न्योता देने शुक्रवार को झंडा फेरी का आयोजन किया गया। इस दौरान जय बाबेरी के नारे से पूरा शहर गूंज उठा। खुर्सीपार की गलियों से लेकर हाइवे तक जय बाबेरी की गूंज सुनाई देती रही। बाबा बालकनाथ के ध्वजों को हाथ में थामे भक्त जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वे बाबा बालकनाथ के 61 वें महायज्ञ का न्योता देते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह भक्तों और रथ पर सवार भगतों के स्वागत में लोगों ने फूल बरसाए। शरबत, फल और प्रसाद बांटकर सेवा की। यह नजारा सिद्ध बाबा बालकनाथ की झंडा फेरी में देखने को मिली। खुर्सीपार सेक्टर-11 स्थित मंदिर से सुबह झंडा फेरी निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों व जीई रोड से होते हुए वापस मंदिर परिसर में समाप्त हुई।



**भिलाई।** आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष बाबा बालकनाथ महायज्ञ और विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 21 से 24 मार्च के मध्य आयोजन की तैयारी की गई है। 23 मार्च को महायज्ञ होगा। 24 मार्च के पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शुक्रवार को झंडा फेरी में हर उम्र के लोग शामिल हुए। इनमें बच्चे, बूढ़े, जवान, महिलाएं सभी उत्साह से चल रहे थे। झंडाफेरी गाजे बाजे के साथ निकाली गई। आयोजन में मुख्य रूप से हरगोपाल मस्ताना, कांतिलाल शर्मा, विपिन ओझा, अनिल अग्रवाल, पतराम अग्रवाल, आशीष खंडेलवाल,संजय ओझा, सुनील अग्रवाल, भवानी शंकर सुबीर खंडेलवाल शामिल रहे। झंडाफेरी में शामिल होने भक्त सुबह 6 बजे से ही मंदिर पहुंचने लगे।

निर्धारित समय सुबह 7 बजे झंडा फेरी निकली, जो प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। भक्तों के लिए प्रसाद व शरबत की व्यवस्था की गई थी। रैली देखने पावर हाउस चौक के फ्लाईओवर में लोगों की भीड़ लगी रही। 9 प्रमुख सेवादारों की अगुवाई में मंदिर से निकलकर झंडाफेरी प्रमुख रूप से खुर्सीपार श्री राम चौक से जीई रोड, पावर हाउस चौक, विजय टॉकीज से लिंक रोड, शीतला मंदिर कॉम्प्लेक्स से नंदिनी रोड होते हुए केनाल रोड से शिवालय एनपीआर रोड से वापस मंदिर पहुंची, जहां रैली समाप्त हुई। पूरे रास्ते में लोगों को उत्साह देखने लायक था। बाबा के जयकारे लगाए जा रहे थे। सेवादारों के द्वारा जलपान की व्यस्था भी की गई थी। इस फेरी में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी रही। वापस मंदिर आने के बाद भजन किया गया। फिर सभी के लिए स्वल्पाहार कराया गया। प्रसाद वितरण किया गया।

### बाबा बालकनाथ का 61वां महायज्ञ कल, आज विशेष पूजा

सेक्टर-11 खुर्सीपार स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बालकनाथ का महायज्ञ 21 मार्च से शुरू हो गया है। आयोजन का यह 61वां वर्ष है। 22 मार्च को अन्य अनुष्ठान होंगे। इसमें प्रमुख रूप से बाबा का अभिषेक किया जाएगा। 23 मार्च को 61वां महायज्ञ शुरू होगा। इस दौरान भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। सुबह साढ़े 11 बजे से चंडीगढ़ वाले विजय रतन शर्मा का भजन शुरू होगा। 24 मार्च की शाम 4 बजे पूर्णाहुति होगी। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। शिवाजी नगर जोन के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, पार्षद पीयूष मिश्रा, डी सुजाता राव, विनोद सिंह आयोजन में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### प्रज्ञा सेवा समिति के माध्यम से रक्तदान शिविर कल

आयोजन स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रजा सेवा समिति एवं सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर के सहयोग से विशाल रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया है। 23 मार्च को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक शिविर लगाया जाएगा। इसमें 100 से ज्यादा लोगों के रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। आयोजकों ने बताया कि शिविर में कोई भी भक्त पहुंचकर रक्तदान कर सकता है।



## जयपाल ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले पहले भारतीय

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन द्वारा जननायक जयपाल सिंह मुण्डा की शहादत दिवस पर छत्तीसगढ़ सोसाइटी के पास रंग मंच रिसाली सेक्टर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उनके कृतित्व को याद किया। सबसे पहले रमेश पाल ने प्रेरणा गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि जयपाल सिंह मुण्डा कुशल राजनीतिज्ञ, पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद और 1925 में आक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले, हॉकी के एक मात्र अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी थे। उनकी कप्तानी में 1928 के ओलंपिक में भारत ने पहला स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। संविधान सभा के सदस्य, भारतीय संविधान में हमें हक अधिकार दिलाने वाले, ऐसे नेता जिसने 1940 में सबसे पहले झारखंड को नेता सुभाष चंद्र बोस के सामने अलग राज्य बनाने की मांग की थी। बिहार के शिक्षा जगत में योगदान देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को पत्र लिखा। ऐसे व्यक्ति जिसने संविधान सभा में आदिवासियों की संस्कृति संविधानिक है, लोकतांत्रिक है, मानवतावादी है। इसलिए शेड्यूल ट्राइब का ट्रान्सलेशन आदिवासी होना चाहिए, ऐसी मांग की। उन्होंने एकजुटता का संदेश दिया। वैचारिक व बौद्धिकता से संगठित होकर अपने हक अधिकारों के लिए संघर्ष करना सिखाया। अंत में श्रम बस्ती सुन्दर नगर की समाजसेविका पेमीन बाई, सोन बाई, सुरज बाई और पार्वती का सम्मान किया गया। संचालन दिनेश्वरी भुआर्य और अन्नु जांगड़े ने किया। कार्यक्रम में अश्लेष मरावी, उमा सिंह, चन्द्रकला तारम, लोकेश्वरी ध्रुव, कनकलता नाग, सीता ठाकुर, त्रिवेणी ठाकुर, कीर्ति ठाकुर, दशोदा, कामनी बाई, ममता वर्मा, निर्मला चतुर्वेदी, राजेंद्र परगनिहा, सतनाम सिंह, जीएल देवदास, एसएल चौहान, राघव वर्मा, सुरेन्द्र मोहन्ती, गोरख नाथ मौजूद थे।



## पेंशनरों ने किया विधानसभा भ्रमण विधायकों की कार्यप्रणाली को भी समझा

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला दुर्ग इकाई अध्यक्ष बीके वर्मा के नेतृत्व में 30 पेंशनरों ने डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया। संघ की इस पहल का सदस्यों ने प्रशंसा की है। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद नामदेव ने भी बीके वर्मा अध्यक्ष के इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सेवा काल में अधिकतर कर्मचारियों को विधानसभा देखने का मौका नहीं मिलता ऐसे सदस्यों के लिए यह बहुत अच्छा प्रयास है। भ्रमण करने वालों में सचिव पीआर साहू, पीके चिवराम, नरेंद्र देशमुख, पीएस बघेल, केपी देशमुख, टीपी सिंह, बलदाऊ राम साहू आदि शामिल रहे। यह जानकारी जिला इकाई अध्यक्ष बीके वर्मा ने दी।



महात्मा गांधी वानिकी विश्वविद्यालय में वन संरक्षण में युवाओं की भागीदारी विषय पर संगोष्ठी

# पर्यावरण संतुलन में वनों की उपयोगिता, युवाओं की इसके लिए भागीदारी को लेकर मंथन, जनजागरुकता का लिया संकल्प

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** महात्मा गांधी वानिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर वन संरक्षण में युवाओं की भागीदारी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वानिकी संकाय के शोधार्थीयो एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। वन संरक्षण की आवश्यकता एवं इसमें युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किया। शोधार्थी दुष्यंत साहू ने वन संरक्षण की वर्तमान स्थिति और इससे जुड़ी वैश्विक चुनौतियों के विषय में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का नुकसान और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। इसके संरक्षण हेतु हमारी स्वयं की क्या भूमिका हो सकती है, किस तरह से हम सस्टेनेबल डेवलपमेंट के विषयों को समाज में ले जाकर जागरूकता ला सकते है। इसे हमें समझना होगा। हमें पृथ्वी को बचाना है तो हमें अपने वनों को बचाना होगा। युवा पीढ़ी इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके बाद शोधार्थियों और छात्रों ने युवाओं द्वारा वन संरक्षण में किए जा सकने वाले प्रयास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शोधार्थीयो ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तकनीक और नवाचार की शक्ति का उपयोग करके वन संरक्षण के लिए प्रभावी अभियान चला सकती है।




### वनों के महत्व, युवाओं की जिम्मेदारी पर भी मंथन

संगोष्ठी में शिवम भारद्वाज ने वनों के महत्व पर चर्चा की गई। शोधार्थीयो ने वनों के पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान, जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और आजीविका के स्त्रोत के रूप में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। राजू साहू ने युवाओं की जिम्मेदारी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि युवाओं को वनों के अवैध कटाव को रोकने, वृक्षारोपण अभियान चलाने, जागरूकता फैलाने और सरकारी नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन में योगदान देने का आह्वान किया गया। रमेश कुमार ने तकनीकी समाधान से अवगत कराया। कुछ शोधार्थियों ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई, सैटेलाइट इमेजिंग और आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर वनों की रक्षा की जा सकती है। विनोद कुमार ने सतत विकास लक्ष्य और वन संरक्षण के परिभाषित किया। वक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के तहत वनों की भूमिका पर चर्चा की और बताया कि वन संरक्षण से कई वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

### छात्रों की भागीदारी और जनजागरुकता का लिया संकल्प

संगोष्ठी में शामिल छात्रों ने भी वन संरक्षण को लेकर अपने अनुभव साझा किए और कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। विश्वविद्यालय स्तर पर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत, एक जन्मदिन, एक पौधा अभियान, जंगलों की सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, वन संरक्षण पर शोध और नवाचार को बढ़ावा देना जैसे इवेंट शामिल थे। इस अवसर पर अभाविप के कार्यकर्ता दिनेश मनहरे ने युवाओं से आह्वान किया कि वे वन संरक्षण की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं ।

## सिटी इवेंट

# पांच दिवसीय योग शिविर में सीखा प्राणायाम व सूर्य नमस्कार



**भिलाई।** हमारे भारतीय संस्कृति में योग यज्ञ के बड़े महत्व को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति हाउसिंग बोर्ड भिलाई के द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। शिविर के पांचवे दिन में प्राणायाम, आसन, सूर्य नमस्कार के साथ ही विभिन्न योग कराया गया। आज शनिवार को यज्ञ आहुति के साथ ही यह योग कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। जो दृष्टांग योग वैलनेस सेंटर हाउसिंग बोर्ड के तत्वांवधान में किया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के विशेष सदस्य सुदर्शन, डी मोहन, माधव, शीला मोहन, प्रमिला जायसवाल, दीप्ति सिंह, भाग्यलक्ष्मी, प्रतिमा मुखर्जी, मंजू शाह, डॉ एके हिरवानी, भारत लाल साहू, भगवती धोरे, उमा घोरमारे सहित सभी वरिष्ठ नागरिक अपनी उपस्थिति देकर योग का स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। जिसमें दृष्टांग योग वैलनेस सेंटर के योगाचार्य शत्रुहन लाल साहू, शंभू प्रसाद कुशवाहा, थनेंद्र साहू ,राजेश तिवारी के साथ ही संतोष चौरसिया, तेजू राम साहू, मंजू यादव आदि योगाचार्य उपस्थित लोगो को योगाभ्यास करा रहे है। आज सुबह 6 बजे से यज्ञ आहुति का कार्यक्रम होगा। जिसमें सभी लोगो को आमंत्रित किया गया है।

## लाइव इवेंट

# पढ़ाई के तनाव को दूर करने, बच्चों को कला से जुड़ने किया प्रेरित



**भिलाई।** समकालीन भारतीय कलाजगत में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए मूर्तिकार डॉ अंकुश देवांगन को सेंट जेवियर स्कूल बोरसी में सम्मानित किया गया। इस दौरान दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उन्होंने छात्रों को उपाधि और पुरस्कार वितरित किये। अपने उद्बोधन में उन्होंने वर्तमान में पढ़ाई के तनाव को दूर करने के लिए बच्चों को कला से जुड़ने अपील की है। अंकुश देवांगन छत्तीसगढ़ राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर हैं जिन्हें भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ललित कला अकादमी की मानद सदस्यता दी गई है। उन्होंने भिलाई मे सिविक सेंटर का कृष्ण अर्जुन रथ, रूआबांधा का पंथी चौक, बोरिया गेट का प्रधानमंत्री ट्राफी चौक, सेक्टर 1 का श्रमवीर चौक, सिविक सेंटर का छोटा परिवार चौक, भिलाई निवास का नटराज जैसी कालजयी कलाकृतियां बनाई है। इसके अलावा रायपुर का पुरखौती मुक्तांगन, राजभवन भोपाल, सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला हरियाणा, दुर्गापुर स्टील प्लांट पश्चिम बंगाल, दल्ली राजहरा मे विश्व का सबसे बड़ा लौहरथ और दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां उनके बेमिसाल कला की गवाह है। अंकुश देवांगन को सम्मानित किये जाने पर अंचल के मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, बी.एल.सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, मीना देवांगन, प्रवीण कालमेघ एवं साहित्यकार मेनका वर्मा ने उन्हें बधाई दी है।

- **कलाजगत में विशेष योगदान देने पर मूर्तिकार अंकुश हुए सम्मानित**

## धर्म इवेंट

# राधा-कृष्ण का रूप धरकर खेली वृंदावन की होली, झूमें भक्त



**भिलाई।** रंग पंचमी के अवसर पर जनता क्वार्टर पद्मानभपुर दुर्ग में जैन समाज की महिलाओं द्वारा होली मिलन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने जैन गुरुजनों को नमन किया और समाज के बड़े-बुजुर्गों को टीका लगाया। महिलाओं ने झांकियों की शानदार प्रस्तुति भी दी। समाज की सदस्या ने कृष्ण रूप धारण किया जिसके चारों ओर महिलाओं ने होली के फाग गाते हुए नृत्य किया। एक दूसरे को प्राकृतिक रंगों का टीका लगाया व जमकर होली खेली । इस अवसर पर समाज की सुनीता जैन, आकृति जैन, देवकी, मनीषा, भावना, रश्मि, प्रिया, रीना, रीता, केसरी, वंदना एवं अन्य महिलाएं शामिल हुईं।

- **जनता क्वार्टर पद्मानभपुर दुर्ग में होली मिलन**



● गणगौर पूजा का शुभारंभ, राजस्थानी मारवाड़ी रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना

# मारवाड़ी, पंजाबी, छत्तीसगढ़ी और मराठी थीम पर युवतियां कर रही गणगौर पूजा, घर-घर पारंपरिक लोक गीतों की गूंज

**भिलाई।** मारवाड़ की सांस्कृतिक धरोहर गणगौर पूजा का शुरुआत होली के बाद से हो चुकी है। जिसमें कुंवारी युवतियां भगवान शिव जैसे वर की कामना लिए व्रत रख रही हैं। दुर्ग गांधी चौक के शर्मा निवास में कुंवारी व नव विवाहिताएं पंजाबी, छत्तीसगढ़ी, मराठी सहित सभी ट्रेडीशनल थीम पर प्रतिदिन गणगौर पूजन में शामिल हो रही है। प्रत्येक वर्ष होलिका दहन के दूसरे दिन से गणगौर पूजा की शुरुआत होती है, इसमें होलिका की राख को तीन-चार दिनों तक भगवान शिव-माता पार्वती की कामना कर पूजा जाता है। इस मौके पर गणगौर भगवान शिव और माता पार्वती का अवतार माना जाता है। इन प्रतिमाओं की पूजा 16 दिनों तक राजस्थानी, मारवाड़ी रीति-रिवाज से किया जाएगा। मान्यता के अनुसार यह पूजा शिव-पार्वती का विवाह है। शादी के पहले साल ही महिलाओं को गणगौर पूजा करने का अवसर दिया जाता है। मुख्य रूप से यह पूजा कुंवारी बेटियों के लिए है। गणगौर पर्व के खास अवसर पर व्रती महिलाओं ने हरिभूमि से चर्चा की, जिन्होंने त्योहार के महत्व और पूजन विधि की जानकारी साझा की।दुर्ग निवासी रुपल गुप्ता और मानसी ने बताया कि प्रतिमाओं से पहले होलिका दहन से लाई गई राख की पूजा होती है। साथ ही पूजन स्थान में कागज पर 16 से 18 दिनों तक मेहंदी, रोली और काजल का टीका लगाया जाता है, यह पूजन का प्रतीक होती है। पूजन में सभी युवतियां थीम के अनुसार शामिल हो रहीं है। जिसमें पहले दिन रेड ड्रेस, दूसरे दिन पंजाबी तीसरे दिन छत्तीसगढ़ी और आज मराठी, कल राजपूतानी सहित अन्य थीम पर श्रृंगार कर पूजन में शामिल होंगी।



### दूबी और चांदी की अंगूठी से जल अर्पित



भव्या ने बताया कि पांच गणगौर प्रतिमाओं की पूजा होती है। सुबह कुंवारी युवतियां चूड़ी पहन कर पूजन स्थल पहुंचती हैं। जिसके बाद दूबी और चांदी की अंगूठी से प्रतिमाओं को जल अर्पित किया जाता है। इस दौरान जलपात्र में शुद्ध जल रखकर मंत्रोच्चार किया जाता है। पूजा के दौरान सभी अपनी मनोकामनाएं 16-16 बार मन में कहती हैं।

### गाजे-बाजे के साथ किया गणगौर का स्वागत

इशिता, पलक, अपेक्षा और मुस्कान ने बताया कि शादी के बाद यह मेरा पहला गणगौर पूजा है। लगभग 10-12 सालों से व्रत कर रही। गणगौर आगमन के साथ रोजाना शाम को प्रतिमाओं को भ्रमण कराया जाता है। इस दौरान महिलाएं भजन संध्या का आयोजन करती हैं। यह पूजा मारवाड़ी परंपराओं को दर्शाता है, जिसमें सोलह श्रृंगार के साथ महिलाएं पति की लंबी आयु और समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं।



**गणगौर पूजने में सात मंदिरों का जल जरूरी:** सुभी और आस्था ने बताया कि शादी के बाद पहले साल में गणगौर पूजा की जाती है, जिसके बाद केवल आखिर दिन ही करने का मौका मिलता है। मुख्य रूप यह पूजा मायके में की जाती है। गणगौर को पानी पिलाने के लिए 7 प्रमुख मंदिरों से जल लाया जाता है, जिसमें चंडी मंदिर, राम मंदिर, दुर्गा मंदिर अन्य प्रमुख मंदिरों से जल एकत्र किया जाता है। इस दौरान सभी पारंपरिक परिधान एवं वेशभूषा में महिलाएं शामिल होती है।

### सालभर रहता है गणगौर का इंतजार

तन्नू ने बताया कि अपनी परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए गणगौर पूजा रख रही। लगभग बीते 10-12 सालों से पूजा में शामिल हो रही 16 दिन की गणगौर पूजा का इंतजार साल भर रहता है। गणगौर की प्रतिमाओं का स्वागत ढोल-बाजे के साथ किया गया। इस दौरान पारंपरिक मारवाड़ी परिधान में महिलाएं एवं कुंवारी युवतियां शामिल हुई थी। दुर्ग-भिलाई में लगातार गणगौर पूजा को लेकर महिलाओं व युवतियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



## सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ का आयोजन

# नारी शक्ति सभी मुश्किल कार्य करने में सक्षम विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को किया सम्मानित



**भिलाई।** सहकार भारती महिला प्रकोष्ठ, महिला सहकारिता प्रकोष्ठ और स्वसहायता प्रकोष्ठ द्वारा सेक्टर 4 में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिविल जज लोक अदालत नेहा गुप्ता, अंतराराष्ट्रीय सहकारिता आयोजन समिति के प्रदेश प्रमुख डॉ लक्ष्मी कांत द्विवेदी, प्रगति महिला नागरिक बैंक अध्यक्ष अश्विनी नागले, स्वसहायता प्रकोष्ठ अध्यक्ष जया रेड्डी, चंद्र किरण मिश्र, कांति वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत माता अहिल्या बाई होलकर और भारत माता के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित करके कर सहकार गीत की प्रस्तुति ममता राव द्वारा दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल जज नेहा गुप्ता ने कहा कि आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में कार्य करके देश का नाम रोशन कर रही है। नारी शक्ति हर मुश्किल से मुश्किल कार्य करने सक्षम है। डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने कहा कि नारी सर्वत्र पूज्यंते के भाव को लेकर आज समाज कार्य कर रहा है और नारी शक्ति के चलते आज हमारा देश नित नए पायदान पर लगातार बढ़ रहा है।




कार्यक्रम को अश्विनी नागले और कांति वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शिला सिंग, बबीता केला, अर्चना वर्मा, विंदु सोनी, नीता गढ़ेवाल, तरुणा देशमुख, नीलम साहू, भवानी, निधि चंद्राकर, जुली गुप्ता, किरण रात्री, रुचि जैन, जी चंद्रकला, वंजक्षी, रीतादेवी, किरण साहू, रुक्मिणी साहू, जी राजेश्वरी, मीनाक्षी, रोहिणी, जे ऊषा , जया प्रदा, रतना चंद्राकर, ईशा, अंजनी , कल्पना स्वामयी, हर्षा, पी लक्ष्मी, पद्मा, सुषमा पाल, सुषमा वर्मा, पी रमा, गायत्री, पद्मा, ज्योति सोनी, प्रतिभा शर्मा, पूनम उपाध्याय, सरबजीत सहाय, आरती शर्मा, आरती पांडे, पूजा भास्करन, शीबा हार्वे, पूजा महेश, जी सुकन्या, उतरा रामटेके, ज्योति सहित अनेक महिलाओं का सम्मान किया गया।

## भारती विवि में वेबीनार का आयोजन

# एआई के बढ़ते प्रभाव और बौद्धिक संपदा पर डाला प्रकाश

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के विभिन्न संकायों एवं विभागों द्वारा विभिन्न प्रासंगिक विषयों पर वेबीनार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विधि संकाय द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया।

बेबीनार के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. देवमिता मंडल, सहायक प्राध्यापक, हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, रायपुर ने वेबीनार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के कानूनी और नैतिक पहलुओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती मांग समाज में किस प्रकार के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, यह विमर्श का केंद्र बिन्दु रहा। वेबीनार का संयोजन डॉ. निमिषा मिश्रा द्वारा किया गया।




### मानसिक स्वास्थ्य विषय पर दिया व्याख्यान

इसी तारतम्य में समाज कार्य विभाग द्वारा आत्महत्या रोकथाम तथा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञ डॉ. आनंद गौड़, सह-प्राध्यापक, इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क ने युवाओं में आत्महत्या के बढ़ते मामलों तथा मानसिक रोगों एवं अवसाद के बढ़ते स्तर पर विश्लेषणात्मक निदान प्रस्तुत किए। वक्ता ने सकारात्मक पारिवारिक वातावरण तथा सामाजिक सौहार्द द्वारा अवसाद, मानसिक रोगों एवं आत्महत्या जैसी गंभीर समस्या की दर में कमी के प्रति आशान्वित किया।वेबीनार की संयोजिका डॉ. निशा गोस्वामी ने कहा विश्व में भारत में युवाओं की आत्महत्या की दर सर्वाधिक है यह भारतीय समाज के समक्ष ज्वलंत विभीषिका है।

### महत्वपूर्ण जानकारियां की साझा

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भारत में मुद्रास्फीति की रणनीतिक समझ विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद जुलकार नैन, सहायक प्राध्यापक, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी द्वारा उस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई तथा वक्ता ने मुद्रास्फीति के कारण, भारतीय अर्थव्यवस्था तथा रोजगार की समस्याएं, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट किया। वेबीनार का संयोजन डॉ. नीना सिंह द्वारा किया गया। वेबीनार श्रृंखला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) बी. एन. तिवारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। वेबीनार श्रृंखला से बड़ी संख्या में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापक लाभान्वित हुए।

## आर्य समाज की स्थापना के 150वें वर्ष पर चलेगी आयोजनों की श्रृंखला

# संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है,आर्य समाज ने रखी थी समाज सुधार की नींवः आचार्य डॉ. अजय आर्य

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में भव्य महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आर्य समाज द्वारा जगह-जगह भव्य महोत्सव मनाये जायेंगे। वर्ष भर आयोजनों की श्रृंखला चलेगी, जिसमें आर्य समाज की शिक्षाओं और भारतीय वैदिक संस्कृति का ज्ञान जन-जन तक पहुंचाने का प्रयत्न किया जाएगा। आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई में 30 मार्च को इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग एवं रवि आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 1875 में हिंदू समाज को संगठित करने और कुरीतियों एवं अंधविश्वास को समाप्त करने के लिए आर्य समाज की स्थापना मुंबई में की गई थी। 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आर्य समाज भव्य महोत्सव मनाने जा रहा है। इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई में 30 मार्च को जायेगी।



### आर्य समाज की मान्यताएं

आर्य समाज ईश्वर को निराकार रूप में स्वीकार करता है। चार वेदों को सूर्य ज्ञान के रूप में स्वीकार करके प्रमाणिक मानता है। सत्य को ग्रहण करना और असत्य को त्यागना चाहिए। संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है। सभी के प्रति प्रेम और न्याय से व्यवहार करना चाहिए। अज्ञान को दूर करना और ज्ञान को बढ़ावा देना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधित्व सभा के तत्वावधान में राष्ट्रीय ज्ञान ज्योति पर्व का भी आयोजन किया जा रहा है। कोषाध्यक्ष जगबंधु शास्त्री ने बताया कि यह आयोजन रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 19 और 20 अप्रैल को आयोजित होगा। इस भव्य समारोह के लिए योग गुरु रामदेव, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रित किया गया है।

### आर्य समाज मानवता को समर्पित समाज सुधार आंदोलन



इस अवसर पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने वैदिक कैलेंडर भेंट किया। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने वैदिक संस्कृति के लिए कार्य किया। आर्य समाज एक मानवता को समर्पित समाज सुधार का आंदोलन है। आर्य समाज ने बाल विवाह, सती प्रथा, जातिगत भेदभाव और अंधविश्वासों के खिलाफ आवाज आवाज उठाई। इसने शिक्षा को बढ़ावा देने विशेष रूप से महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए कई स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थापित किया। आर्य समाज वेदों को सत्य और ज्ञान का स्रोत मानता है और वैदिक धर्म के सिद्धांतों को बढ़ावा देता है। आर्य समाज ने उन लोगों को हिंदू धर्म में वापस लाने के लिए शुद्धि आंदोलन शुरू किया जो अन्य धर्मों में परिवर्तित हो गए थे। जिसे वर्तमान में घर वापसी के रूप में अनेक संगठन आयोजित कर रहे हैं। आर्य समाज ने भारत की स्वतंत्रता के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण साहू समाज में नए पदाधिकारियों का चयन

**उतई।** ग्राम बोरीगारका में पूर्व ग्रामीण साहू समाज के कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात ग्रामीण साहू समाज का चुनाव हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर योगनारायण गजपाल, उपाध्यक्ष राजेश गजपाल एवं गुंजेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष भारत साहू, सचिव दिनेश्वर साहू, सहसचिव छन्नू लाल गजपाल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवीन गजपाल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीमा सोनबेर सर्वसम्मति से निर्विरोध चयनित हुए। चयन प्रक्रिया में ग्राम के समस्त साहू समाज स्वजन उपस्थित थे।

### सेलूद में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 28 से

**सेलूद।** बाजार चौक सेलूद निवासी बलराम वर्मा व उनके परिवार द्वारा अपने मां लीलाबाई वर्मा के बरसी श्राद्ध में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 28 मार्च से किया जा रहा है। इस कथा के कथावाचक बालोद गुंडरदेही के पंडित भूपेन्द्र पांडेय महराज होंगे। इसमें 28 मार्च को कलश यात्रा कथा प्रारंभ सुखदेव आगमन, 29 मार्च ध्रुव चरित्र अपिल चरित्र, 31 मार्च राम जन्म कृष्ण जन्म, 1 अप्रैल बाल चरित्र माखन चोरी, 2 अप्रैल रुखमणी विवाह, 3 अप्रैल परीक्षित मोक्ष, सुदामा चरित्र, चढ़ोत्तरी व शोभायात्रा, 4 अप्रैल गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, हवन पूजा, मंगलमय समाप्ति बरसी कार्यक्रम शांतिभोज का आयोजन होगा।



### शीतला अष्टमी पर आज होंगे भजन कीर्तन

**कुम्हारी।** कुम्हारी बड़े तालाब स्थित ग्राम देवी मां शीतला मंदिर प्रांगण में 22 मार्च को शीतला अष्टमी के अवसर पर भक्तों द्वारा मां की विशेष पूजा-अर्चना व दिन भर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन प्रति वर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी के अवसर पर जय माँ शीतला सेवा समिति के तत्वावधान में किया जाता है। इस दिन माँ शीतला की विशेष पूजा आरती व हवन के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाता है। आयोजक समिति द्वारा जसगीत का कार्यक्रम भी रखा गया है जिसमें नगर के प्रसिद्ध जस भजन मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी समिति के सदस्य रामकुमार चक्रधारी, अनिल सोनकर व रवि सोनकर ने दी।



### नपं उपाध्यक्ष और कलेक्टर में विकास कार्यों को लेकर चर्चा

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत आने पर बुधवार को कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल का नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद गण एवं गुण्डरदेही एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधिओं ने स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने नगर में विकास कार्य को लेकर कलेक्टर से चर्चा की। साथ ही नगर में हो रही पानी की समस्या व प्रमुख चौक चौराहे पर चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था से अवगत कराया।

## शासकीयकरण की मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश के पंचायत सचिवों का धरना प्रदर्शन

# पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने से गांवों में नहीं हो पा रहे अनेक जनहित के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आंदोलन को समर्थन देने के लिए राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने पाटन के आंदोलन स्थल पर पहुंचकर समर्थन किया। उन्होंने अनिश्चितकालीन आंदोलन का पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से 117 पंजीकृत सरकारी कर्मचारी अधिकारी संगठन संबद्ध हैं, जिनमें पंचायत सचिव संघ भी शामिल है। फेडरेशन ने पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों के साथ मिलकर पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा के जन घोषणा पत्र में सम्मिलित कराने में सफलता प्राप्त की थी। मेरे नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने भाजपा जन घोषणा पत्र समिति के संयोजक और दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल से अनेक बार मुलाकात करके पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को भाजपा के जन घोषणा पत्र में शामिल करने की पहल की थी। बीजेपी सत्ता में आने से पूर्व मोदी की गारंटी के नाम पर जारी घोषणा पत्र में 100 दिनों के अंदर शासकीयकरण करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग पूर्ण न होने से प्रदेशभर के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पंचायत सचिव संघ के आंदोलन का पूर्ण समर्थन करता है, साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह करता है कि पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए तत्काल निर्णय लें।

प्रांतीय संयोजक के साथ धरना स्थल पर छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप यादव, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पाटन के संरक्षक टिकेंद्र वर्मा, अरुण साहू सहित फेडरेशन के ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे। आंदोलन स्थल पर सभा का संचालन कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पाटन के संयोजक व सचिव संघ के जिलाध्यक्ष महेन्द्र साहू ने किया।

**कमल ने पंचायत सचिवों के मांगों का किया समर्थन**



## मढ़ियापार में अजय की मूर्ति का किया स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बघुवा जस मंडली के तत्वावधान में आयोजित पुरखा के सुरता गुरुदेव स्व. अजय उस्ताद के श्रद्धांजली कार्यक्रम ग्राम मढ़ियापार नगपुरा में गुरुवार को रखा गया जिसमें सभी जसगीत रचनाकार एवं गायक का आगमन हुआ जिसमें सभी कलाकारों का मंगल वर्मा रचनाकार एवं गायक एवं बघुवा परिवार के समस्त कलाकारों के द्वारा पुष्प माला एवं श्रीफल के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें जस सम्राट दुकालू यादव, डेविड निराला, पूरन साहू, जस सम्राट रामाधार सारथी, सुनील सिहोरे, रचनाकार उभयराम बहतीदरीया, तारा सिंह चौहान, हर्ष कुमार, बिंदू, कमलेश सिन्हा, चेतन बघधरा, मनोज कुमार पटेल, लक्ष्मण बाबा, नारायण साहू, सुरेश ठाकुर, अविनाश सपहा मीडिया प्रभारी आदि कलाकारों का बघुवा जस परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जस एवं फाग मंडली के कलाकारों ने जस गीत गाकर सभी ग्रामवासी का मनमोह लिया एवं रात्रि में जस झांकी परिवार के द्वारा बड़े ही अच्छे अच्छे झांकी का भी आयोजन किया गया था यह जानकारी बघुवा परिवार के मंगल वर्मा रचनाकार एवं उस्ताद अशोक देवांगन ने दी।

## पाटन नगर पंचायत के सीएमओ निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य केंद्र, पानी की समस्या देख भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

नगर पंचायत पाटन के सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश भाले एवं पार्षदगण के साथ अचानक स्वास्थ्य केंद्र में जल प्रदाय कार्य का निरीक्षण किया गया। जिसमें पाईप लाईन को देखकर भड़क गए। एक ही पाईप लाईन में चार कनेक्शन तहसील कार्यालय में भी है और

- नगर के तालाबों का होगा सौंदर्यीकरण

मछली मार्केट में इसके अलावा तहलील कार्यालय के पीछे में सुलभ शौचालय भी है। अभी गर्मी दस्तक दे रही है और पानी अभी से किल्लत होने लगी है। बताया जाता है कि हॉस्पिटल में एक कुआं भी है जिसका गर्मी को देखकर जलस्त्रोत गहराने लगी है जिसके कारण पानी की किल्लत मची हुई है। नगर पंचायत के सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल में पानी की कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। यहां मरीजों का रोजाना आवागमन रहती है ऐसे में पानी अगर नहीं मिलेगी तो मरीजों के लिए दिक्कत होने लगेगी।



### पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने योजनाबद्ध होगा काम

नगर पंचायत पाटन में अब शपथ ग्रहण और उपाध्यक्ष चुनाव होने के बाद अब विकास कार्यों को अंजाम देने में अध्यक्ष, पार्षद और सीएमओ सहित नगर पंचायत की टीम जुट गई है। शुक्रवार को अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, सीएमओ हेमंत वर्मा, सहित पार्षदों ने संयुक्त रूप से नगर के तालाब और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। सबसे पहले तालाब का निरीक्षण किया। जिसके सौंदर्यीकरण का योजना बनाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन पहुंचे। यहां पर हमेशा पानी की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। मरीजों तथा उसके परिजनों को पीने और निस्तार के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। अस्पताल में जल संकट को देखते हुए योजना बनाकर कार्य करने पर सहमति बनी। अस्पताल में सुचारू रूप से हमेशा पानी मिले इसके लिए उपयंत्री और सीएमओ सहित नगर पंचायत के जल प्रभारी को योजना बनाने के लिए अध्यक्ष निक्की भाले ने निर्देशित किया। इस अवसर पर पार्षद सहित वार्ड के नागरिक मौजूद थे।

## क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी नैतिक जिम्मेदारी: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर द्वारा लगातार क्षेत्र की जन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी को अवगत कराया उनके मांग को सहजता स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर प्रेषित प्रस्ताव पर संलग्न सूची अनुसार 63 कार्यों की संपादन के लिए 503.40 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों जैसे क्षेत्र के गांव की गलियों का सीमेंटीकरण, सामुदायिक भवन, हाई मास्क लाइट, मॉडल जैत खाम निर्माण, पूल-पुलिया, पहुंच मार्ग, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, मिनी गार्डन निर्माण, सामाजिक भवन, खेल ग्राउंड, विभिन्न गलियों में नाली निर्माण कार्य अन्य मूलभूत आवश्यकता पूर्ण कार्य के लिए प्रदान किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री व वित्तमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा अटल ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया है और हमारा संकल्प है कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को संवारेंगे। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार साथ-साथ अब नगरीय निकायों और पंचायतों में भी हमारी ट्रिपल इंजन सरकार है। केंद्र सरकार से छत्तीसगढ़ को भरपूर समर्थन मिल रहा है। हाल ही में केंद्र सरकार ने सड़क और हवाई कनेक्टीविटी के साथ-साथ कई रेल परियोजनाओं की भी मंजूरी दी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक साल में ही मोदी की गारंटी के ज्यादातर कामों को पूरा कर लिया है। सबका साथ-सबका प्रयास और सबका विकास के क्रम में दुर्ग जिले में विकास का पहिया अब तेजी से घूम रहा है। आगे चंद्राकर ने कहा जन आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर हमारी सरकार पुरी प्रतिबद्धता के साथ, लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का काम कर रही है हमारी सोच अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचना है।



- 503 .लाख रुपए की विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान किया

### शिवनाथ के जल से बुझेगी नगरवासियों की प्यास

**उतई।** लंबे अंतराल के इंतजार के बाद अब उम्मीद लगाई जा रही है कि नगरवासियों को वृहद पेयजल योजना के प्रारंभ होने से पानी की समस्या से निजात मिलेगी और शिवनाथ का पानी छह माह के अंतराल में ही नगर के घर-घर पहुंचेगा। इस विषय पर नगर पंचायत उतई में शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख तथा पार्षद सोनू राजपूत, संगीत रजक, सुनीता चंद्राकर, विजयलक्ष्मी साहू, रमशिला नेताम, खूबी राम साहू, भीमसेन सिन्हा के साथ पीएचई के अधिकारी विशाल गेडाम तथा प्रकाश ठाकुर, सीएमओ राजेंद्र नायक, इंजीनियर आशीष भारती की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सालों से लंबित इस योजना को शीघ्र प्रारंभ कर नगर वासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाने और कितना समय लगेगा इस पर चर्चा हुई। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है तथा एक बार ट्राइल में किया जा चुका है कुछ तकनीकी कारणों से इसे रोका गया था वो तकनीकी समस्या का समाधान कर इस योजना को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है आने वाले वर्ष 2026 की गर्मी के पूर्व इस योजना को पूरी तरह से कंप्लीट कर दिया जायेगा और उस गर्मी में नगरवासियों को शिवनाथ का पानी मिलेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने चर्चा में बताया कि छह माह का इंतजार और है इस वर्ष की गर्मी में आमजन को परेशानी ना हो इसके लिए नगर पंचायत उतई ने पूरी तैयारी कर ली है। खासकर पेयजल की समस्या बिल्कुल भी नहीं आने दी जाएगी और आने वाले एक वर्ष में वृहद पेयजल योजना को प्रारंभ कर नगर वासियों की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करने नगर की सरकार संकल्पित है और इसे हम पूरा करेंगे।



## अंचल की खबरें

### श्रमदान कर तालाब की सफाई



**उतई।** ग्राम मचांदुर में ग्रामीणों के सहयोग से माँ शीतला तालाब की सफाई लगभग 40 साल बाद श्रम दान से कराया गया। यह स्वर्णिम व ऐतिहासिक प्रयास युवा सरपंच युगल किशोर साहू के कुशल नेतृत्व में पूरे पंचायत, सर्व ग्रामीण समाज व देवतुल्य ग्रामीण जनों के सहयोग से हुआ। इस पुनीत कार्य में लगभग 300 से अधिक लोगों ने श्रम दान किया। सरपंच युगल किशोर साहू ने बताया कि तालाब के अंदर उगे झाड़, कचरा सभी को निकाला गया। साथ ही तालाब के आसपास गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना लिया जाएगा। समस्त ग्रामीण के प्रयास से यह श्रमदान की ऐतिहासिक उपलब्धि अन्य गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है। साथ ही इस कार्य से मचांदुर की एकता व अखंडता न केवल दुर्ग जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में गांव को एक नया आयाम तक पहुंचा दिया है। इस दौरान उपसरपंच दुष्यंत साहू, समस्त पंचगण, मेट, स्वसहायता समूह, ग्रामीणजन व शीतला समिति के मंतराम यादव, बलराम निर्मलकर, सुखराम पटेल, गोपाल साहू, रोहित चंद्राकर, नंदकुमार गजपाल, शिव चंद्राकर, दीनदयाल साहू, जसलोक साहू, तोरण लाल साहू, बैशाखू राम साहू, गणपत साहू, मंशा राम साहू, मनोज गोस्वामी, अशोक साहू, गोपाल साहू, महमूद खान, असलम खान, ताकेश्वर पटेल, प्रकाश निषाद, बिसनाथ साहू, वीरेंद्र साहू, लोकेश साहू, थानसिंग साहू, राजेश देवांगन, प्रेम देवांगन, मिथलेश निषाद, गौकरण साहू, जयप्रकाश, ढेलु राम साहू, सुनील साहू, दिनेश साहू, छन्नूराम साहू आदि उपस्थित थे।

- मचांदुर पंचायत के युवा सरपंच युगल किशोर का सराहनीय प्रयास

### बायोटेक ग्रेजुएट युवा भी दे सकेंगे पीएससी परीक्षा

**भिलाई।** राज्य स्तरीय प्रशासनिक परीक्षा पीएससी में बायोटेक विषय के शामिल होने के युवाओं में असमंजस की स्थिति को साफ करने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में तारांकित प्रश्न किया है। उनके जवाब में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सदन को बताया कि बायोटेक विषय में स्नातक उपाधि धारित युवा राज्य स्तरीय प्रशासनिक परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रश्न पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि राज्य सेवा परीक्षा नियम 2008 के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता उम्मीदवार के पास भारत में केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डलों के अधिनियम द्वारा निगमित/समाविष्ट विश्वविद्यालयों में से किसी विश्वविद्यालय की या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा-3 के अधीन विश्वविद्यालय मानी गई किसी शैक्षणिक संस्था की उपाधि होनी चाहिए अथवा उसके समकक्ष अर्हता होनी चाहिए। यदि अभ्यार्थी उक्तानुसार 'बायोटेक' विषय में स्नातक उपाधि धारित करता है, तब वह परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।



- विधायक रिकेश के सवाल पर सीएम विष्णुदेव साय ने दी यह जानकारी

### दया ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**भिलाई।** प्रदेश में भाजपा की सरकार है और विकास के लिए फंड की कमी नहीं होगी। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आने वाले समय में और भी विकास कार्य होंगे। इसमें कोई शक नहीं है। ये बातें नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने वार्ड-44 लक्ष्मीनारायण वार्ड में कही। 21 मार्च को विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। दया सिंह ने कहा कि वार्ड-44 में कोचिंग लाइन बसंती जाना लाइन, नेपाली बस्ती और चाट गली में 30 लाख रुपए की लागत से सीमेंटीकरण होना है। इसके लिए भूमिपूजन किया गया। आने वाले समय में और तेजी से विकास कार्य होंगे।

**DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY**
Chhattisgarh, Bilaspur AN AISECT GROUP UNIVERSITY
Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

**APPOINTMENT**

Online/Offline Applications are invited from the eligible candidates for appointment for the post of

**Assistant Professor/Associate Professor/Professor**

in various Departments **Engineering** (ECE / EEE / EE / Mechanical / Civil / CSE) / **Commerce & Management** / **Education** / **Physical Education** / **Law** / **Information Technology** / **Social Science** (Geography / Economics / Political Science / History / Sociology / Social Work / Library Science/ Rural Development) / **Linguistic** (Hindi/ English/ Sanskrit/ Chhattisgarhi) / **Pharmacy** / **Science** (Mathematics / Chemistry / Physics / Microbiology / Biotechnology / Zoology / Botany / Rural Technology/ Applied Physics) / **Performing & Fine Arts**.

**Note:-** The Candidates should have qualification and experience as per UGC / AICTE / NCTE / BCI / PCI norms.

01. Last date of receiving of application is **05/04/2025**
02. Name of the position must be mentioned on the application/email heading.
03. Information in the application should be supported by copy of self-attested certificate, submitted an enclosure
04. The decision of the selection committee is final in all matters related to recruitment of suitable candidates.

Please application shall be posted on the University address Kargi Road, Kota, Dist- Bilaspur (C.G.) or mail id at **hr@cvru.ac.in.**
For more details please visit on Dr. C.V. Raman University website **www.cvru.ac.in** or Contact on 9617670330

Registrar

## बोर्ड पैटर्न केंद्रीकृत 5वीं, 8वीं परीक्षा से बालक, पालक, शिक्षक सभी अलर्ट

# बोर्ड परीक्षा सजगतापूर्वक विद्याथियों को बनाती है ऊर्जावान: केआर बसोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासन द्वारा 5 वीं एवं 8वीं को बोर्ड पैटर्न में केंद्रीकृत परीक्षा 2025 इस वर्ष प्रारंभ होने से आम जनता की मुरादे पूरी होते नजर आ रही है। जब से शासन ने इन कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा बंद की तब से गुणवत्ता की दृष्टि से विद्यार्थियों में आमतौर पर शिथिलता नजर आने लगी थी। जो पालकों के बीच आम चर्चा रही। इस वर्ष 17 मार्च 2025 से पांचवीं एवं 18 मार्च 2025 से आठवी की केंद्रीयकृत परीक्षा 2025 प्रारंभ हुई है। संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि जामगांव आर संकुल केंद्र के 7 प्राथमिक स्कूल के 139 विद्यार्थी में से 138 विद्यार्थी एवं 4 मिडिल स्कूल के 122 विद्यार्थियों में से 121 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जामगांव आर प्राथमिक स्कूल का 1 विद्यार्थी और बोरवाय मिडिल स्कूल का 1 विद्यार्थी अन्यत्र प्रवास पर होने के कारण परीक्षा से वंचित है। इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर प्राथमिक एवं मिडिल स्तर पर प्राइवेट है शेष सभी स्कूल शासकीय है। सभी स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्त केंद्राध्यक्ष परीक्षा को विधिवत सम्पन्न करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर एक तिथि पर समान समय में पांचवीं सुबह 9 से 11 बजे और आठवीं 9 से 12 बजे परीक्षा ली जा रही है। पांचवीं की परीक्षा 27 मार्च एवं आठवीं की परीक्षा 3 अप्रैल 2025 को समाप्त होगी।

### परीक्षाएं सुव्यवस्थित संचालित हो रही

संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने बताया कि प्रश्न पत्र में ही उत्तर लिखने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। केंद्राअध्यक्ष थाने में रखे प्रश्न पत्र प्राप्त कर परीक्षा के समय पर वितरित करते हैं और पेपर पूर्ण होते ही संकलित कर कपड़े के बने पार्सल थैले में भरकर शील बंद कर ब्लाक स्तर समन्वय केंद्र में संकुल अधिकारी के माध्यम से जमा कर दिए जाने की व्यवस्था है। बोर्ड पैटर्न में ब्लॉक से बाहर पेपर जांच होना है। सारा कार्य जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन किया जा रहा है। जामगांव आर संकुल अंतर्गत जामगांव आर खोला, बोरवाय, औरी, मोहभट्ठा, भंसुली के प्राथमिक मिडिल स्कूल आते हैं।





### पेपर देकर निकले विद्यार्थी आपसी चर्चा में प्रसन्न दिखे

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि शासन और सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के मार्गदर्शन में विद्यालय केंद्रीयकृत परीक्षा 2025 में विद्यालय शामिल हुआ। परीक्षा के बाद विद्यालय के बाहर आकर बड़े प्रसन्न मुद्रा में ग्रुप में चर्चा करते देखे गए। दोनों कक्षाओं का गणित पेपर हो चुका है, शुक्रवार को पांचवीं की अंग्रेजी हुआ शनिवार को आठवीं हिंदी पेपर है। सेवानिवृत्त हेडमास्टर केआर बसोर ने कहा कि परीक्षा बच्चों को पढ़ाई के लिए स्वस्फूर्त सजग करती है और बोर्ड परीक्षा का नाम लेते ही विद्यार्थी अधिक सजग होकर तैयारी में जुट जाते हैं। जब से 5 वीं, 8 वीं बोर्ड परीक्षा होना बंद हुआ विद्यार्थी में पढ़ाई के प्रति रुचि कमजोर पड़ती देखी गई। अब बोर्ड पैटर्न में केंद्रीयकृत परीक्षा ने सजगता का एहसास कराया महसूस होने लगा। बोर्ड परीक्षा बालक पालक शिक्षक सभी को अलर्ट मोड में लाती है जो दिखने लगा है।

**खबर संक्षेप**



### बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती मेला महोत्सव की तैयारी

**भिलाई।** डां.आंबेडकर चौक पावर हाउस में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रेल को जयंती मेला महोत्सव आयोजित होगा। विशाल रैली, वंदना, भोजन दान और आमसभा होगी। प्रतिमा प्रबंध समिति की बैठक में तैयारी पर चर्चा हुई। समिति के सचिव बालाराम कोलते ने बताया कि बॉम्बे आवास, कोसानगर, राधिका नगर, भीमनगर, सुपेला होते हुए पांच रास्ता, चंद्रमणि नगर, तीन दर्शन मंदिर पावर हाउस चौक पहुंचेगी ठीक उसी प्रकार चरोदा, भिलाई 3 खुर्सीपार के जोन 1, जोन 2, जोन 3, छावनी इंडस्ट्रियल एरिया की रैलियां पावर हाउस पहुंचेंगी। कार्यक्रम में समाज के लोगों के साथ जनप्रतिनिधि विभिन्न समाज के प्रतिनिधि आदि शामिल होंगे।

### सियान सदन में लगा स्वास्थ्य शिविर



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग द्वारा महिला सफाई कर्मचारियों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सियान सदन में हुआ। जेएलएन अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा परीक्षण, रक्त में हीमोग्लोबिन, शुगर की मात्र की जांच और पेप स्मेयर की जांच की गई। इस सीएमओ डां. कौशलेंद्र ठाकुर सहित डां. निशा ठाकुर डां.रूचिका ताम्रकार, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) श्री सुशील कामड़े, उप प्रबंधक (एम एंड एचएस) सुश्री पारोमिता दासगुप्ता, शशि सिंह व लता मिश्रा, पैथोलाजिस्ट वी जितेश्वरी व जया आदि उपस्थित थे।

# विश्व जल दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया जलदूतों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) अनुभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन को महात्मा गांधी कला मंदिर में हुआ। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि थे। सीजीएम उत्पल दत्ता, एके जोशी, महाप्रबंधक विष्णु पाठक, महाप्रबंधक संजय कुमार शर्मा, जे पी सिंह विशेष अतिथि थे। उपस्थित अतिथियों ने भिलाई टाउनशिप में जल वितरण एवं संबंधित सेवाओं में संलग्न पीएचई विभाग के 62 ठेका श्रमिक 'जलदूतों' का सम्मान किया । पवन कुमार ने कहा कि पानी का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व हैं। जल के बिना, कुछ भी संभव नहीं है। जल का सदुपयोग करना सीखें और जल को बचाए। प्रकृति किसी भी अति और अपव्यय को बर्दाश्त नहीं करती हैं। प्रकृति का रौद्र रूप हमें समय–समय पर सिखाता है कि प्राकृतिक संसाधनों का दुरूपयोग न करें। उन्होंने कहा कि जल का संकट हमारे सामने न आए, इसके लिए हमें समय पर सतर्क हो जाना चाहिए। श्री दत्ता ने वैश्विक जल संकट पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल एक चुनौती है। स्वच्छ पेयजल की मात्र बहुत ही सीमित है, इसकी सभी को सुचारू रूप से उपलब्धता हो सके, यह आज के युग में एक बड़ी चुनौती है। इस अवसर पर महाप्रबंधक तिवारी, डां. एनके जैन, डीजीएम राजीव कुमार, एके गर्ग, डी सी सिंह, एजीएम पीएल साहू, सरोज झा, यशवंत साहू, वाई के साहू व कमरूद्दीन, वरिष्ठ प्रबंधक नितिन कनिकदले आदि उपस्थि थे। कार्यक्रम का संचाल सुप्रियो सेन ने किया और धन्यवाद ज्ञापन विष्णु पाठक ने किया।

## महात्मा गांधी कला मंदिर में विशेष कार्यक्रम



### रैली से किया जागरुक

जल संरक्षण पर जागरूकता रैली भी निकली. रैली सेक्टर–6 स्थित 'आई लव यू भिलाई' स्थल से प्रारंभ होकर सेंट्रल एवेन्यू रोड से होते हुए महात्मा गांधी कला मंदिर परिसर में समाप्त हुई। रैली में जीएम प्रशांत तिवारी, डीजीएम डीसी सिंह व एजीएम सरोज झा आदि अधिकारियों सहित 400 से अधिक सम्मिलित हुए। सभी को जागरुकता टीशर्ट भी वितरित की गई।

**आज संगोष्ठी:** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की भिलाई द्वारा जल दिवस पर संगोष्ठी का शनिवार को इंस्टीट्यूषन ऑफ इंजीनियर्स,सभागार में किया जाएगा। स्कूल ऑफ स्टडीज जियोलॉजी एंड वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट के एचओडी डां. नंद बोधनकर, सीजीएम राजीव पाण्डेय, सुनील सिंघल, उत्पल दत्ता, जेपी सिंह, जीएम उमा कटोच, के प्रवीण उपस्थित रहेंगे।

## हायर पेंशन के लिए न्यायालय में जाने का खुला रास्ता

# ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए सेफी का संघर्ष हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हजारों सेल कार्मिकों को हायर पेंशन का लाभ दिलाने के लिए सेफी ने संघर्ष तेज कर दिया है। सेफी की मांग के अनुरुप सेल प्रबंधन ने सभी इकाइयों में संचालित पीएफ ट्रस्ट को न्यायालय में जाने के लिए हरी झंडी दे दी है। सेफी ने अब अपने सदस्यों को न्याय दिलाने के लिए जल्द अदालत के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया तेज किए जाने का ऐलान किया है।

उल्लेखनीय है कि ईपीएस-95 हायर सेफी 2017 से ही संघर्षरत रहा है। मई 2017 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक्सजेम्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के दायरे से बाहर रखा था। सेफी ने अपने अपेक्स संगठन, एनसीओए (नेशनल कांर्फडरेशन ऑफ आफिसर्स एसोसिएशन) के बैनर तले सुप्रीम कोर्ट में ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी। इसके चलते 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक्सजेम्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के लिए पात्रता प्रदान की गयी। इससे पहले सेफी ने झारखंड हाईकोर्ट रांची में भी अपनी अपील ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए दायर की थी। जिसे 2020 में न्यायालय ने सेफी के पक्ष में फैसला लिया था।

सेफी चेयरमेन, एनसीओए के वर्किंग प्रेसिडेंट एवं ओए-बीएसपी के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने ईपीएस-95 के तहत सेल के विभिन्न इकाईयों के कार्मिकों के हित में ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए संघर्ष को और तेज करने की जानकारी दी। श्री बंछोर ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के 4 नवम्बर 2022 के फैसले के अनुरूप कार्मिकों को हायर पेंशन दिया जाना चाहिए था लेकिन ईपीएफओ के द्वारा नियम कानून की गैर जरूरी व्याख्या कर इसे लटकाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। आज सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय को ढाई वर्ष से अधिक बीत चुका है लेकिन लाखों लोग हायर पेंशन की सुविधा से वंचित हैं।

### पेंशनभोगियों को अधिकार से वंचित कर रहे

सेफी के मुताबिक ईपीएफओ ने एक्सजेम्टेड पीएफ ट्रस्ट में अनावश्यक कमियां निकालकर इन कार्मिकों को हायर पेंशन से वंचित करने का षड़यंत्र किया है। ईपीएफओ के अनावश्यक विवाद को सुलझाया जा सकता है। लेकिन ईपीएफओ ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार छूट प्राप्त प्रतिष्ठानों के श्रमिकों/पेंशनभोगियों को उच्च वेतन पर उच्च पेंशन (पीओएचडब्ल्यू) के लिए वैध अधिकार से वंचित करने के लिए अनेक हथकंडे अपना रहा है। जबकि पैरा 44(ii) में दर्शाया गया है कि 'अधिसूचना संख्या जीएसआर 609 (ई) दिनांक 22 अगस्त 2014 द्वारा पेंशन योजना में लाया गया संशोधन छूट प्राप्त प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों पर उसी तरह लागू होगा जैसे नियमित प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों पर लागू होता है।सेफी चेयरमेन एनके बंछोर ने बताया कि कार्मिकों को हायर पेंशन दिलाने हेतु प्रत्येक स्तर पर प्रयास किया गया है जिसमें संबंधित मंत्री, ईपीएफओ के केन्द्रीय अधिकारी, ईपीएफओ के क्षेत्रीय अधिकारी तथा सेल व बीएसपी प्रबंधन से निरंतर पत्र व्यवहार व संवाद किया गया है। लेकिन ईपीएफओ के अड़ियल रवैये ने हायर पेंशन के इस मुद्दे को जटिल बना दिया है।

### न्यायालय में जाएगा पीएफ ट्रस्टः बंछोर

एक्सजेम्टेड पीएफ ट्रस्ट के हायर पेंशन से संबंधित नियमों की जानकारी आम कार्मिकों को नहीं होती है। अतः इस हेतु आवश्यक नियम अनुपालन की जिम्मेदारी उस इकाई के ट्रस्ट की होती है। श्री बंछोर ने सेल व बीएसपी प्रबंधन से ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए ईपीएफओ के विरूद्ध न्यायालय की शरण में जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक कार्मिक का हायर पेंशन हेतु न्यायालय में जाना और उसके खर्चे को वहन करना संभव नहीं है। सेल के जिन इकाईयों में हायर पेंशन में ईपीएफओ द्वारा रोड़े अटकाए गए है। इसके निराकरण के लिए उस इकाई के पीएफ ट्रस्ट द्वारा न्यायालय में केस दायर किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर सेफी ने सेल प्रबंधन और बीएसपी प्रबंधन से कई बार चर्चा की है। अब सेल प्रबंधन ने इकाईयों में संचालित पीएफ ट्रस्ट को न्यायालय में जाने की हरी झंडी दे दी है। सेफी ने उम्मीद जताई है कि सेल की सभी इकाईयों के पीएफ ट्रस्ट ईपीएस-95 हायर पेंशन के संदर्भ में अपने सदस्यों को न्याय दिलाने के लिए जल्द न्यायालय के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे।

# आईजी वार्षिक निरीक्षण में निकले कहा- पुलिस मुस्तैदी से करती है काम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने वार्षिक वार्षिक निरीक्षण करने लगे। इस दौरान निरीक्षण परेड में उत्तम वेषभूषा धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। आईजी द्वारा प्रशासनिक भवन में विभिन्न शाखा गणवेश शाखा, सुरक्षा उपकरण शाखा, पुलिस साख सहकारी समिति बैंक, वाहन शाखा, महिला कल्याण केन्द्र, यात्रा भत्ता शाखा, वाहन शाखा, कैश शाखा, रोजनामचा शाखा का निरीक्षण कर कार्यो की जानकारी ली। आईजी ने कहा कि दुर्ग जिला पुलिस का राज्य में महत्वपूर्ण स्थान है। राजधानी रायपुर के बाद दुर्ग जिला दूसरे स्थान पर आता है। जिला पुलिस मुस्तैद, चुस्ती से काम करती है। पुलिस मुख्यालय, रायपुर द्वारा निर्देष जारी कर राज्य के सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वहन किये जाने का निर्देषित किया। थाना प्रभारी अधिनस्थ स्टाफ को सामान्य पुलिसिंग करते हुए गश्त, पेट्रोलिंग सभी वेशभूषा ही धारण करें। वर्दी पहनने से आत्मसम्मान में वृद्वि होती है। जनता में अच्छी वेषभूषा धारण करने से पुलिस की छबि अच्छी बनती है।आईजी ने कहा कि थाना प्रभारी थाने में जाये तो प्रथमतः डीओ, एनओ अधिकारी, मुंशी, मददगार से जानकारी प्राप्त करें। उनकी अनुपस्थिति में कोई आया तो नहीं था, उसके अधार पर कार्रवाई करें। वार्षिक निरीक्षण परेड में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों की गुजारिश भी सुनी गई। उसे तुरंत निराकरण भी किया गया। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी अभिषेक झा, एएसपी सुखनंदन राठौर,आईपीएस चिराग जैन, राहुल बसंल,सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल, एसडीओपी पाटन अनुप लकड़ा, डीएसपी चन्द्रप्रकाश तिवारी, डीएसपी हेमप्रकाश नायक समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

- रोजनामचा शाखा का निरीक्षण कर कार्यो की ली जानकारी




बिहार दिवस 2025
एक भारत-श्रेष्ठ भारत
स्नेह मिलन कार्यक्रम
स्थान- चौहान इंपीरियन होटल, भिलाई
तिथि- 22/03/2025 | समय- सुबह 11 बजे
रिकेश सेन
विधायक - वैशाली नगर विधानसभा
गजेन्द्र यादव
विधायक - दुर्ग शहर विधानसभा
ललित चंद्राकर
विधायक - दुर्ग ग्रामीण विधानसभा
उपाध्यक्ष - छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं
अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण
पुरुषोत्तम देवांगन
जिला अध्यक्ष - भाजपा, भिलाई
सुरेंद्र कौशिक
जिला अध्यक्ष - भाजपा, दुर्ग